मौसम
दिल्ली/एनसीआर
अधिकतम ता. 32.0°C | न्यूनतम ता. 19.0°C


# दैनिक इंडिया सावधान न्यूज

RNI No. : UPHIN/2016/71004 www.indiasavdhan.com राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र

वर्षः 08 अंकः 96, शुक्रवार 11 अप्रैल, 2025 पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित, लखनऊ, दिल्ली, मुम्बई, हरियाणा से एक साथ प्रसारित




4-एसपी सम्भल द्वारा पुलिस लाइन का किया गया वार्षिक निरीक्षण, दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

# सौर ऊर्जा और गेहूं क्रय में बेस्ट परफॉर्मेंस देगा उत्तर प्रदेशः मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और भारत सरकार के कंज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन मिनिस्टर प्रहलाद जोशी ने गुरुवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं खरीद को लेकर संयुक्त समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री का अपने सरकारी आवास पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री जी की भावनाओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश सोलर एनर्जी और गेहूं खरीद में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से बेस्ट रिजल्ट देने का प्रयास करेगा। वहीं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी जी ने भी उत्तर प्रदेश के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री जी को बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार बढ़ती ऊर्जा मांगों के अनुरूप कार्य करते हुए पूरे देश के लिए मॉडल बन रही है। संयुक्त समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी जी को ओडीओपी का उपहार और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज कॉमन मैन और खासतौर पर अन्नदाता किसानों को स्पर्श करती तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इन योजनाओं में अच्छा कार्य कर रहा है और प्रदेश सरकार की ओर से आश्वस्त करता हूं कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से बेस्ट रिजल्ट देगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 प्रख्यापित की गई है। इसके अंतर्गत राज्य में कम लागत की विश्वसनीय सौर ऊर्जा तक आम लोगों की पहुंच को सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति 2022 और



उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2024 भी प्रख्यापित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सोलर पॉलिसी के तहत 2027 तक सोलर प्रोडक्शन में 22 हजार मेगावाट से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत सोलर पार्कों का विकास, कृषि फीडरों और निजी ऑन ग्रिड पंपों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देना, एक्सप्रेसवे और रेलवे ट्रैक के किनारे सौर संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देना सहित सौर ऊर्जा उपकरणों के निर्माण उद्योग को बढ़ावा देना है। साथ ही सौर परियोजनाओं के लिए ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। पीएम सूर्य घर योजना को लेकर मुख्यमंत्री जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में योजना के अंतर्गत 10 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके सापेक्ष एक लाख से ज्यादा इंस्टॉलेशन पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने यूपीनेडा के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन लोगों ने भी योजना के अंतर्गत आवेदन किया है सभी को अभियान चलाकर शीघ्र से शीघ्र सोलर एनर्जी से जोड़ा जाए। अभी हर महीने 11 हजार से अधिक इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं, जिसे 2025-26 में बढ़ाकर औसतन 22 हजार से अधिक किया जाए। जनपदवार, डिस्कॉमवार, नगर निगम, नगर पालिका को लक्ष्य आवंटित किया जाए। इसके प्रभावी अनुश्रवण एवं समीक्षा के लिए सीएम डैशबोर्ड के साथ इंटीग्रेटेड किया जाए।

## नए वक्फ कानूनों पर सुनवाई की डेट हो गई तय

### सभी चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सर्वोच्च अदालत की वेबसाइट पर इस संबंध में जानकारी दी गई है। इसमें उपलब्ध जानकारी के अनुसार जस्टिस संजय कुमार और




जस्टिस के.वी. विश्वनाथन भी याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली इस पीठ में शामिल होंगे। केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में 'कैविएट' दायर कर मामले पर कोई भी आदेश पारित करने से पहले सुनवाई का अनुरोध किया था। 'कैविएट' किसी पक्षकार की ओर से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि सुनवाई के बिना कोई आदेश पारित नहीं किया जाए। हाल ही में बने इस कानून की वैधता को चुनौती देते हुए कई याचिकाएं दायर की गई है।

## दिल्ली में लैंडिंग के बाद पायलट को अटैक, मौत

### कॉकपिट में उल्टियां हुईं, उतरते ही झटका, हाल ही में हुई थी शादी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की मंगलवार (9 अप्रैल) को दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई, जब पायलट श्रीनगर-दिल्ली फ्लाइट की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट में अन्य फॉर्मेलिटीज कर रहा था। एयरलाइन के मुताबिक, लैंडिंग के बाद पायलट को परेशानी होना शुरू हो गई थी, थोड़ी देर बाद वह बेहोश होकर गिर गया।



पायलट को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पायलट का नाम अरमान है। अरमान की उम्र 28 साल थी और हाल ही में उसकी शादी हुई थी। साथी कर्मचारियों ने बताया कि लैंडिंग के बाद पायलट ने कॉकपिट में उल्टी की थी और फिर एयरलाइन के डिस्पैच ऑफिस में कार्डियक अरेस्ट से उसकी मौत हो गई। हालांकि, अभी तक कार्डियक अरेस्ट की वजहों का पता नहीं लग पाया है, कई बार विमान में एयर टर्बुलेंस की वजह से भी हार्ट अटैक होने की संभावना रहती है। पायलट के शव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका पता लग पाएगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बयान जारी करते हुए कहा, हम अपने साथी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं।

# 24 घंटे में दें खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजाः सीएम योगी

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर रात से प्रदेश में खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से अन्नदाता किसान की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर तत्काल सर्वे कराकर संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराने के लिए आदेशित किया है ताकि 24 घंटे में अन्नदाताओं के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। इतना ही नहीं, सीएम योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि 9 अप्रैल की आधी रात को अचानक मौसम खराब हो गया, जिसके बाद तेज आंधी, ओलावृष्टि के साथ कई जगहों पर आकाशीय बिजली गिरी। इसे देखते हुए सीएम ने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बता दें कि सर्वे पूरा होने के बाद फसलों के नकुसान का मुआवजा बीमा कंपनियों के साथ राजस्व विभाग



से भी दिया जाएगा। वहीं राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों से अति आवश्यक कार्य पर ही घर से निकलने की अपील की है। सभी जिलाधिकारी जल्द से जल्द पोर्टल पर उपलब्ध कराएं सर्वे की रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति का मुआवजा किसानों को देने के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर सर्वे करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही जल्द से जल्द विभाग के पोर्टल पर सर्वे रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिये हैं। मालूम हो कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है। वहीं राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। ऐसे में विभाग ने लोगों को घरों से बहुत जरूरत होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

# भारत लाया गया मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर

- एनआईए की टीम लेकर पहुंची, सीधे हेडक्वार्टर पहुंचाया
- राणा तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा दिल्ली पहुंच चुका है। तहव्वुर राणा को अमेरिका से एनआईए की 7 सदस्यीय टीम दिल्ली लेकर पहुंची है। दिल्ली एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वह यहां पहुंचा। तहव्वुर राणा का मेडिकल कराया जाएगा और फिर एनआईए उसे कोर्ट में पेश करेगी। राणा को अमेरिका से भारत लाए जाने के बाद तिहाड़ जेल के हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जा सकता है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 64 साल का तहव्वुर राणा दिल्ली की तिहाड़ जेल में एक हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि आतंकवादी को रखने के लिए जेल में सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही कर ली गई हैं। तहव्वुर राणा साल 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य



साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमेन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। राणा को लेकर एक विशेष चार्टर्ड विमान बुधवार (9 अप्रैल) को अमेरिका से भारत के लिए रवाना हुआ था। 2008 के आतंकी हमले में 166 लोग मारे गए थे।

- ट्रंप की हरी झंडी के बाद मिली कामयाबी- डेविड कोलमेन हेडली का सहयोगी होने के अलावा, ऐसा माना जाता है कि राणा के पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ करीबी संबंध थे। राणा के प्रत्यर्पण की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाइट हाउस दौरे के दौरान की थी। इसके बाद राणा ने सुप्रीम कोर्ट में प्रत्यर्पण को रोकने की कोशिश की, लेकिन अब उसकी सभी कानूनी अपीलों को खारिज कर दिया गया है।

## केरल में पॉक्सो केसों की जांच अब स्पेशल पुलिस करेगी

### 304 नए पदों के साथ डेडिकेटेड विंग बनाने को मिली मंजूरी, 40 सब-इंस्पेक्टर और 4 डीएसपी होंगे

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में बच्चों से यौन अपराध के मामलों की जांच अब पुलिस की एक खास टीम करेगी। बुधवार को केरल सरकार की कैबिनेट ने इसके लिए एक डेडिकेटेड विंग बनाने की मंजूरी दे दी। इस स्पेशल यूनिट में कुल 304 नए पद तैयार होंगे। इनमें 4 डिप्टी एसपी और 40 सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, ये टीम



सिर्फ पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों की जांच करेगी। सरकार का मकसद इन मामलों में तेजी से और सही जांच करना है, ताकि पीड़ितों को जल्दी न्याय मिले।

## कर्नाटक में एक घर में मिला 500 के नोटों का जखीरा

### असली-नकली करेंसी की जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में उत्तर कन्नड़ पुलिस के साथ अजीबोगरीब वाकया हुआ। पुलिस ने एक गोपनीय सूचना पर दांडेली के गांधीनगर इलाके में मकान के बंद किराए में छापा मारा, तो पुलिस को मौके पर 500 के नोटों का एक बड़ा जखीरा मिला। वहां पर एक नोटों की गिनती की वाली मशीन भी मिली, लेकिन अगले ही पल जब पुलिस ने इन नोटों को गौर से देखा तो पता चला कि इन पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जगह पर रिवर्स बैंक ऑफ इंडिया लिखा हुआ था। नोट के नंबर के स्थान पर जीरो अंकित था। आरबीआई गवर्नर के हस्ताक्षर भी नहीं थे। कर्नाटक पुलिस ने देखा कि इन नोटों पर लिखा हुआ था सिर्फ मूवी शूटिंग के लिए।



# बंगाल में नौकरी गंवाने वाले शिक्षक भूख हड़ताल पर

- पुलिस पर लाठीचार्ज और लात-घूसों से पीटने का आरोप लगाया
- बीजेपी बोली-निर्दोष शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में नौकरी गंवा चुके टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ ने गुरुवार को नौकरी जाने और पुलिस कार्रवाई के विरोध में भूख हड़ताल करने की घोषणा की है। बुधवार रात से ही टीचर्स टीएमसी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। एक शिक्षक ने कहा- भूख हड़ताल आंदोलन शुरू किया गया है और जल्द ही आगे का कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। इससे पहले टीचर्स ने डिस्ट्रिक्ट इंसपेक्टर (डीआई) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया था। जहां प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर लाठीचार्ज और लात-घूसों से पीटने का आरोप लगाया था। कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज और बीजेपी




उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा- दूसरों की गलती के कारण अपनी नौकरी गंवाने वाले निर्दोष शिक्षकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। भाजपा ऐसे शिक्षकों के साथ है। वही, 8 अप्रैल को 25 हजार 753 टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति रद्द करने के मामले में राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी थी। राहुल ने राष्ट्रपति से मांग की है कि जो लोग निर्दोष हैं, उन्हें नौकरी में बने रहने देना चाहिए। उधर, सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले में 8 अप्रैल को सुनवाई हुई थी।

कोर्ट ने स्कूल कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त पदों को बढ़ाने को लेकर पश्चिम बंगाल कैबिनेट के फैसले की सीबीआई जांच पर रोक लगा दी थी। मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 7 अप्रैल को उन शिक्षकों और स्टाफ से मुलाकात की थी, जिनकी भर्ती सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश से बंधे हुए हैं।

# मुरादाबाद में भी अटल आवासीय विद्यालय की बिल्डिंग बनकर तैयार, सीएम करेंगे शुभारंभ

## बरेली के बाद अब मुरादाबाद मंडल में भी अटल आवासीय विद्यालय अपने खुद के भवन में होगा संचालित

**लखनऊ**

निर्माण श्रमिकों के बच्चों और कोरोनाकाल में निराश्रित हुए बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अटल आवासीय विद्यालयों की शुरूआत की थी। उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण और आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इसी क्रम में बरेली के बाद अब मुरादाबाद में भी अटल आवासीय विद्यालय की शानदार इमारत बनकर तैयार हो चुकी है। एक मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस इमारत का शुभारंभ कर सकते हैं। इसके साथ ही सभी 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय अपनी-अपनी बिल्डिंग से संचालित हो सकेंगे। बच्चों के लिए नया घर, बेहतर भविष्य बरेली और मुरादाबाद के बच्चे जो पहले लखनऊ और बुलंदशहर जैसे अन्य जिलों में पढ़ाई कर रहे थे, अब उन्हें अपने ही मंडल में सुविधायुक्त अटल आवासीय विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिलेगा।

इससे न सिर्फ उन्हें बेहतर शिक्षा बल्कि सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल भी प्राप्त होगा। अटल आवासीय विद्यालयों में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (वढइडउह) में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के साथ-साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र अनाथ बच्चों और कोविड काल में माता-पिता को खो चुके बच्चों को भी प्राथमिकता से प्रवेश दिया जा रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 23 सितंबर 2023 को वाराणसी में इन विद्यालयों का औपचारिक उद्घाटन किया गया था, जबकि आधारशिला स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 जनवरी 2020 को रखी थी। अब यह सपना साकार हो रहा है। 13.5 एकड़ में फैला है परिसर, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मुरादाबाद में तैयार यह विद्यालय 13.5 एकड़ में फैला है और इसमें एकेडमिक ब्लॉक, रेसीडेंस ब्लॉक और छात्रावास की अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध है। कुल 1000 छात्रों के बैठने की क्षमता वाले इस विद्यालय में फिलहाल 640 छात्र-छात्राएं नए सत्र से अपनी पढ़ाई शुरू करेंगे। इस बिल्डिंग में 28 क्लासरूम, 11 आधुनिक प्रयोगशालाएं और लाइब्रेरी, 6 ट्यूटोरियल रूम 300-300 सीनियर गर्ल्स और बॉयज डॉरमेट्री, 200-200 जूनियर गर्ल्स और बॉयज डॉरमेट्री, 6 टाइप-1, 6 टाइप-2 और 30 टाइप-3 रेजिडेंशियल फ्लैट्स, प्रिंसिपल आवास, सेपरेट मेस, एसटीपी, 1000 किलोवाट की ईएसएस (इलेक्ट्रिक सब स्टेशन) है। इस बिल्डिंग की निर्माण लागत लगभग ड्70 करोड़ रुपए है।

2
इंडिया सावधान न्यूज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
दिल्ली/नोएडा/एनसीआर
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 11 अप्रैल, 2025
www.indiasavdhan.com

## महिपालपुर से दिल्ली पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को दबोचा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने गुरुवार को भारत में अवैध रुप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को महिपालपुर इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपित मोहम्मद 15 वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहा था। आरोपित को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बांग्लादेश भेजने के लिए निर्वासन केंद्र में भेज दिया गया है। एसीपी विजय सिंह ने बताया कि स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर विजय बालियान की टीम अवैध प्रवासियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसी कड़ी में टीम को सूचना मिली कि महिपालपुर इलाके में एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक रह रहा है। पुलिस ने संदिग्ध मोहम्मद की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने खुद को भारतीय नागरिक बताया, लेकिन सही दस्तावेज दिखाने में वह असफल रहा। जिसके बाद सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह मोंटो पुत्र मो. यूसुफ निवासी ग्राम मोलूगंज, थाना सोलुमखुला, जिला बागिरहाट, बांग्लादेश का रहने वाला है। 15 वर्ष से भारत में गैर कानूनी तरीके से रह रहा था। अधिकारी ने बताया कि कानूनी औपचारिकताओं के बाद मोहम्मद को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) निर्वासन केंद्र भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि और अधिक अवैध प्रवासियों का पता लगाने और निर्वासित करने के लिए अभियान जारी है।

## केजरीवाल अभी तक नहीं पचा पाए दिल्ली की हार : बिधूड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के अन्य नेता अभी तक आम आदमी पार्टी की हार को पचा नहीं पा रहे। वे दिल्ली की भाजपा सरकार के खिलाफ अनाप-शनाप झूठे आरोप लगा रहे हैं और जबकि जनता ही उनके झूठे आरोपों को नकार रही है। जिस झूठ की राजनीति के कारण आज उनकी यह स्थिति बनी है, आज भी वे उसी नीति पर चल रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में हार के बाद केजरीवाल पंजाब में डेरा डाले हुए हैं क्योंकि अब उन्हें पंजाब के हाथ से खिसकने का डर सता रहा है। उन्हें पता है कि पंजाब में जो स्थिति बन गई है, उसमें आम आदमी पार्टी से जनता बुरी तरह निराश हो चुकी है। इसलिए वह लुधियाना पश्चिम की विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं जहां उन्होंने अपनी ही पार्टी के राज्यसभा सांसद को ही उम्मीदवार बनाया हुआ है। वह उस सीट को इसलिए जीतना चाहते हैं कि राज्यसभा की सीट खाली हो सके और वह राज्यसभा में पहुंच सकें। इसीलिए उन्होंने दिल्ली का त्याग कर दिया है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद अरविंद केजरीवाल अब तक सिर्फ तीन मौकों पर सार्वजनिक तौर पर दिखाई दिए हैं। पहला मौका तो वो था, जब नतीजे वाले दिन ही उन्होंने एक वीडियो जारी किया और खुद की हार स्वीकार करते हुए बीजेपी को बधाई दी थी। फिर दूसरा मौका तब आया, जब उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री, मंत्री और सारे आप विधायकों को दिल्ली बुलाया और उनके साथ बैठक की। तीसरा मौका तब आया जब आतिशी को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया। उसके बाद से ही अरविंद केजरीवाल सार्वजनिक तौर पर दिखाई नहीं पड़े। बिधूड़ी ने कहा कि अब वह बिजली संकट पर बयान जारी कर रहे हैं जबकि वह स्वयं ही दिल्ली में नहीं रह रहे। जाहिर है कि वह केवल झूठी बयानबाजी करके दिल्ली की जनता को धोखा देना चाहते हैं लेकिन जनता उनकी एक नहीं सुन रही। खुद जनता और बिजली कंपनियां ही कह रही हैं कि राजधानी में कोई बिजली संकट नहीं है।

## आयुष्मान कार्ड जारी होने से दिल्ली भाजपा का चुनाव 2025 का सबसे बड़ा संकल्प पूरा : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने आज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पहले आयुष्मान कार्ड जारी होने का स्वागत किया है और कहा है की इसी के साथ दिल्ली भाजपा के विधानसभा चुनाव 2025 का सबसे बड़ा संकल्प पूरा हो गया है। उन्होने कहा है की आज केन्द्र सरकार एवं दिल्ली सरकार के बीच समझौते के साथ ही दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली वालों को कुछ आयुष्मान कार्ड जारी कर औपचारिक शुरुआत की है। केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री द्वारा संकेतिक आयुष्मान कार्ड वितरण से प्रारम्भ हुई इस आयुष्मान भारत योजना का लाभ शीघ्र ही दिल्ली के 30 लाख निम्न आय लोगों के साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 6 लाख बुजुर्गों तक पहुंचेगा। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की जहां देश के अन्य राज्यों में आयुष्मान कार्ड से लाभार्थी 5 लाख रूपए तक का मेडिकल इलाज पा सकता है वहीं दिल्ली में स्थानीय सरकार के टाप अप के साथ लाभार्थी हर वर्ष 10 लाख रूपए तक का निशुल्क इलाज पा सकेंगे। श्री सचदेवा ने कहा है की दिल्ली भाजपा मंडल स्तर पर आयुष्मान कार्ड जारी करवाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने का जागरूकता अभियान चलायेगी।

## सतगुरु बाबा राम जी शाह महाराज की जयंती पर संत सम्मेलन आयोजित

नई दिल्ली (एजेंसी)। सतगुरु बाबा राम जी शाह महाराज की जयंती के मौके पर भगवान वाल्मीकि आश्रम पंचकुइयां रोड स्थित उनके परम शिष्य वाल्मीकि समाज के महामंडलेश्वर कृष्ण साह विद्यार्थी द्वारा बुलाए गए संत सम्मेलन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहुंची। सम्मेलन में मंत्री परवेज साहब सिंह वर्मा, मनिंदरजीत सिंह सिरसा, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज भाजपा विधायक रविकांत उज्जैनवाल पंजाब के वाल्मीकि समाज के महामंडलेश्वर प्रगट नाथ इस्कॉन मंदिर के पुजारी महंत सूरज गिरी हनुमान मंदिर करोल बाग सतीश दास महाराज महामंडलेश्वर रघुवनंद महाराज जैन साध्वी दीप्ति महाराज महंत ज्ञानी जी अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के प्राचारी महंत राजू चंदेल, महंत ज्ञानी जी मालंदा वाल्मीकि आश्रम पंचकुइयां मंदिर आश्रम रूपेश मेहरा वीर सेन अटवाल, सुमेश लिलोठिया सहित देश की धार्मिक राजनीतिक व्यापारिक महान हस्तियां इस संत सम्मेलन में मौजूद रही।

# स्कूल परिसर में मॉडल शॉप का संचालन,अभिभावकों ने उठाए सवाल

**दैनिक(इंडिया सावधान न्यूज)**
**क्राइम संवाददाता-दिनेश कुमार**



**वसुंधरा सेक्टर-15 में एक स्कूल के साथ मॉडल शॉप के संचालन से अभिभावकों में आक्रोश फैल गया है। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को चिंतित कर दिया है और वे शॉप के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।**

गाजियाबाद-वसुंधरा सेक्टर-15 में एक स्कूल के साथ मॉडल शॉप के संचालन से अभिभावकों में आक्रोश फैल गया है। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को चिंतित कर दिया है और वे शॉप के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।मामले की जांच और कार्रवाई,स्थानीय प्रशासन और स्कूल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शॉप के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि शॉप को स्कूल के साथ संचालित करने की अनुमति कैसे मिली और इसके पीछे क्या कारण हैं।अभिभावकों की मांग,अभिभावकों ने मांग की है कि शॉप को तुरंत बंद किया जाए और स्कूल परिसर को सुरक्षित बनाया जाए। उनका कहना है कि स्कूल परिसर में शॉप का संचालन बच्चों के लिए खतरनाक हो सकता है और उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है।स्कूल प्रशासन की प्रतिक्रिया,स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों की मांगों को सुना है और मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।भविष्य की कार्रवाई,अब देखना यह है कि प्रशासन और स्कूल प्रशासन इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करते हैं और शॉप के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं। अभिभावकों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी मांगों को सुनेगा और स्कूल परिसर को सुरक्षित बनाएगा।
यह घटना गाजियाबाद में स्कूलों की सुरक्षा और अनियमितताओं के मुद्दे पर चर्चा को बढ़ावा देती है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेगा और स्कूलों को सुरक्षित बनाएगा।कुछ महत्वपूर्ण बिंदु,मॉडल शॉप का संचालन*: वसुंधरा सेक्टर-15 में स्कूल के साथ मॉडल शॉप का संचालन हो रहा है।अभिभावकों का आक्रोश*:अभिभावकों में शॉप के संचालन को लेकर आक्रोश है और वे कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।प्रशासन की जांच: प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शॉप के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।स्कूल प्रशासन की प्रतिक्रिया: स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों की मांगों को सुना है और मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है।

## भगवान महावीर के 2624 वें जन्म कल्याणक पर शाहदरा में निकली विशाल रथ यात्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में जैन समाज के प्रणेता भगवान महावीर के 2624 वें जन्म कल्याणक पर जैन समाज द्वारा जहां गाजे बाजे के साथ विशाल रथ यात्रा निकली गई वहीं इस दौरान विशाल धर्म सभा का भी आयोजन किया गया। धर्म सभा में भारी तादाद में उपस्थित जैन धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए एलक श्री 105 श्री विज्ञान सागर जी महाराज ने कहा कि महावीर जन्मकल्याणक मनाना तभी सार्थक है जब हम भगवान महावीर के संदेश अहिंसा, शान्ति, करुणा व प्रेम को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए शांतिपूर्ण, उन्नत एवं संतुलित समाज का निर्माण कर भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चले और उनकी वाणी को जीवन का हिस्सा बनाएं। ज्ञात रहे भगवान महावीर एक युग प्रवर्तक, कालजयी महापुरुष थें। भगवान महावीर की रथयात्रा में जैन संत ऐलक विज्ञान सागर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शाहदरा जिलाध्यक्ष



विपिन जैन, पूर्व पार्षद निर्मल जैन, समाज के प्रधान रमेश जैन, राकेश जैन, पंकज जैन, विकास जैन, नरेंद्र जैन, राजबीर जैन, एडवोकेट राजेश जैन, दमन जैन, जैन युवा मंच से मोहित जैन, पंकज गर्ग, तरुण जैन, संजय जैन सहित हजारों श्रद्धालु सम्मिलित रहे। मंच संचालन विजेंद्र जैन ने किया। रथयात्रा शाहदरा के छोटा बाजार स्थित जैन मंदिर से शुरू होकर सर्कुलर रोड, फर्श बाजार, बड़ा बाजार, बाबु राम स्कूल होती हुई शालीमार पार्क में आयोजित धर्म सभा स्थल पर पहुंची। यहां पर उपस्थित सभी लोगों द्वारा मुनि श्री द्वारा की गई ज्ञान गंगा की अमृत वर्षा का रसपान किया। उन्होंने यह भी बताया कि जैन समाज के ऐसे आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में भगवान महावीर के पंचशील सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अचौर्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का प्रचार-प्रसार करना रहता है। रथयात्रा में हाथी घोड़े, बैंड बाजे, स्कूली बच्चे व अहिंसा का संदेश देती झांकियों के साथ चल रहे भगवान महावीर के रथ का श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया व आरती उतारी गई।

# न्यू अशोक नगर से सराय काले खां तक ओएचई 25 केवी पर चार्ज, जल्द शुरू होगा ट्रायल रन


**दिल्ली** । दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के दिल्ली सेक्शन में परिचालन की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। न्यू अशोक नगर से सराय काले खां स्टेशन के बीच लगभग 4 किलोमीटर लंबे खंड में ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) को 25 केवी क्षमता पर चार्ज कर दिया गया है। इसका अर्थ है कि अब इस सेक्शन में ट्रेनों के संचालन के लिए ओएचई का विद्युतीकरण पूरा हो गया है।
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि एनसीआरटीसी द्वारा इस सेक्शन में जल्द ही ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। इस खंड में फिलहाल बिजली की आपूर्ति गाज़ियाबाद स्थित आरएसएस (रेलवे सब-स्टेशन) से की जा रही है, लेकिन भविष्य में सराय काले खां आरएसएस से विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इस आरएसएस पर 66 केवी की विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी, जहां से ट्रेनों को 25 केवी और स्टेशनों को 33 केवी विद्युत दी जाएगी। इसके लिए एनसीआरटीसी ने दिल्ली ट्रान्स्को लिमिटेड और गैस टर्बाइन पावर स्टेशन (जीटीपीएस) के साथ समझौता किया है।
आरएसएस से आने वाली हाई वोल्टेज 25 केवी केबल को फीडिंग पोस्ट के माध्यम से



पोल और कैंटिलिवर के जरिए ओएचई तक पहुँचाया जाता है। इस कॉरिडोर में लगाए गए ओएचई को विशेष रूप से तेज रफ्तार और अधिक फ्रीक्वेंसी पर चलने वाली नमो भारत ट्रेनों के अनुसार डिजाइन किया गया है। नमो भारत ट्रेनों की डिजाइन गति 180 किलोमीटर प्रति घंटा है।
उन्होंने बताया कि 14 किलोमीटर लंबे दिल्ली सेक्शन में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर स्टेशनों पर पहले ही नमो भारत ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। अब सराय काले खां स्टेशन को भी परिचालन के लिए तैयार किया जा रहा है। यह स्टेशन न केवल दिल्ली सेक्शन का, बल्कि पूरे कॉरिडोर का सबसे बड़ा और प्रमुख स्टेशन है। यहाँ कुल चार ट्रैक और छह प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं, जो इसे कॉरिडोर के तीनों फेज के संचालन का केंद्र बनाएंगे।
सराय काले खां स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए पाँच प्रवेश-निकास द्वार, कई सीढ़ियाँ, 14 लिफ्ट और 18 एस्केलेटर स्थापित किए गए हैं। यह स्टेशन 215 मीटर लंबा, 50 मीटर चौड़ा और 15 मीटर ऊँचा है, जो यात्रियों को सुविधा और सुगमता प्रदान करेगा। फिलहाल नमो भारत ट्रेनें दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के 55 किलोमीटर लंबे खंड में 11 स्टेशनों के साथ न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक संचालित की जा रही हैं। सराय काले खां स्टेशन का सक्रिय होना इस आधुनिक परिवहन प्रणाली को और अधिक मजबूती देगा।

# नगर निगम कर्मचारियों पर हमला,भाजपा पार्षद ने की फायरिंग

**दैनिक(इंडिया सावधान न्यूज)**
**क्राइम संवाददाता-दिनेश कुमार**



मेरठ से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां भाजपा पार्षद रविंद्र जाटव ने नगर निगम के सफाई कर्मचारियों पर गोली चला दी। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि पार्षद और सफाई कर्मचारियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद पार्षद ने गोली चलाई।घटना के बाद की कार्रवाई,घटना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पार्षद रविंद्र जाटव को गिरफ्तार कर लिया। घायल सफाई कर्मचारी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पार्षद ने इस तरह की कार्रवाई क्यों की।पार्षद का विवादित व्यवहार,यह पहली बार नहीं है जब किसी पार्षद ने इस तरह की कार्रवाई की हो।
इससे पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं जहां पार्षदों ने अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल किया है। मेरठ नगर निगम चुनाव में जीतने वाले पार्षदों की सूची भी हाल ही में सामने आई थी, जिसमें भाजपा के कई पार्षद शामिल थे।नगर निगम की प्रतिक्रिया,नगर निगम के अधिकारियों ने इस घटना की निंदा की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की घटनाएं नगर निगम की छवि को खराब करती हैं और कर्मचारियों के लिए असुरक्षित माहौल बनाती हैं।अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करती है और पार्षद के खिलाफ क्या आरोप लगाए जाते हैं। इस घटना के बाद नगर निगम के कर्मचारियों में आक्रोश है और वे पार्षद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## महापौर जवाब दें आखिर क्यों उन्होन यूजर्स सरचार्ज वसूली रोकने का निर्देश नहीं दए है : कपूर

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता श्री प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की आम आदमी पार्टी ने जानबूझकर दिल्ली की जनता पर कूड़ा उठाने के नाम पर यूजर्स सरचार्ज लगवाया है। एक ऐसा सरचार्ज पहले भी 2021 में तत्कालीन पूर्वी दिल्ली नगर निगम आयुक्त ने लगाने की कोशिश की थी पर उस वक्त के भाजपा के महापौर ने उस पर रोक लगा दी थी पर इसके ठीक विपरीत आज के आम आदमी पार्टी महापौर श्री महेश कुमार केवल ब्यानबाज़ी कर रहे हैं। महापौर जवाब दें आखिर क्यों उन्होने आज तक इस विषय पर रोक लगाने के लिए ना तो निगम सदन की बैठक बुलाई है और ना ही निगमायुक्त को यूजर्स सरचार्ज वसूली रोकने का निर्देश दिया है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की वास्तविकता यह है की दिल्ली के 75त्न नागरिक अपने घरों का कूड़ा प्राइवेट सफाई कर्मियों से उठवाते हैं जो मात्र 50 से 100 रूपए प्रतिमाह में यह सेवा करते हैं जो अधिकतम 1200 रूपए प्रति वर्ष बैठता जबकि आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम के द्वारा प्रस्तावित यूजर्स सरचार्ज की दर कम से कम 1200 प्रति वर्ष है। श्री कपूर ने कहा है की अधिकांश ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटीज के पास अपनी कूड़ा निस्तारण सुविधा है ऐसे में उनसे यूजर्स सरचार्ज की वसूली पूरी तरह अनुचित लगती है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट है की वर्तमान में दिल्ली नगर निगम के पास दिल्ली के 70त्न क्षेत्रों में से घरों, दुकानों से कूड़ा उठाने के लिए कोई व्यवस्था नही है अत : यूजर्स सरचार्ज को सम्पति कर के साथ वसूलना पूरी तरह गैर कानूनी भी है। दिल्ली की आर.डब्लू.ए. की अंब्रेला संस्था 'ऊर्जा' भी यूजर्स सरचार्ज का विरोध कर रही है और भाजपा का मानना है की दिल्ली नगर निगम यूजर्स सरचार्ज वसूली रोक कर पहले आर.डब्लू.ए., ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटीज एवं व्यपारिक संस्थानों के साथ बैठक करे और इस सारे प्लान पर उनका फीडबैक ले।

# दिल्ली: जेपी नड्डा और सीएम रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को बांटे कार्ड, केंद्र से मिलेगी 2400 करोड़ की मदद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में आज दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार की ओर से आयुष्मान भारत योजना के कुछ लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के 22 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस दौरान दिल्ली को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एभीम) योजना से जोड़ने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस योजना से जुड़ने के बाद दिल्ली को केंद्र सरकार की ओर से 2400 करोड़ रुपये की अतिरिक्त मदद मिलेगी।

1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलेंगे- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पीएम-एभीम योजना के तहत हम दिल्ली में 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलेंगे, जिससे घर के नजदीक ही मरीजों को कई बीमारियों का उपयुक्त इलाज मिलेगा। नड्डा ने ये भी कहा कि दिल्ली के आयुष्मान भारत योजना से जुड़ने के बाद पूरे देश में सिर्फ एक राज्य पश्चिम बंगाल बचा है, जहां पर योजना लागू नहीं है। आने वाले चुनाव में पश्चिम बंगाल में कमल खिलेगा और वहां भी योजना लागू होगी।

10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज- नड्डा ने कहा कि इससे पहले उड़ीसा ने भी इस योजना को लागू करने से मना किया था। वहां पर भी चुनाव हुए कमल खिला और आयुष्मान भारत योजना लागू हुई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज दिल्ली के लिए बहुत बड़ा दिन है। प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार करते हुए आयुष्मान भारत योजना दिल्ली में लागू हो गई है। आज हमने इसके कुछ लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया है। अब इन लोगों को हर साल 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्राइवेट और सरकारी अस्पताल में मिल सकेगा।

लाभार्थियों के चेहरे पर दिखी खुशी- आयुष्मान कार्ड वितरण के दौरान शाहदरा जिले की लाभार्थी मीनाक्षी बंसल को सबसे पहले आयुष्मान कार्ड दिया गया। इस दौरान उनके ऊपर चेहरे पर इसकी खुशी साफ देखी जा रही थी। वहीं, रोहिणी की रहने वाली अर्चना कुमारी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड मिलने पर बहुत खुशी हो रही है। मुझे फोन करके बताया गया था कि आपका आयुष्मान कार्ड बना है। आपको लेने के लिए विज्ञान भवन में आना है तो मैं यहां पहुंची हूं। बहुत अच्छा लग रहा है। इसी तरह शाहबाद डेयरी के रहने वाले संतोष कुमार को भी आयुष्मान कार्ड दिया गया। इस पर उन्होंने कहा कि मैं बिजली का काम करता हूं। मुझे फोन करके बताया गया कि आपका आयुष्मान कार्ड के लिए नाम आया है। आपको कार्ड लेने के लिए बुलाया गया है। मुझे यहां मुख्यमंत्री के हाथों कार्ड दिया गया। बहुत अच्छा लग रहा है। अब 10 लाख रूपये का फ्री इलाज कर सकेंगे। सभी का ऐसा कार्ड होना चाहिए।

एक और लाभार्थी आकाश ने बताया कि वह स्टूडेंट है उनको भी आज आयुष्मान कार्ड मिला है। बहुत खुशी हो रही है। शालीमार बाग के रहने वाले कैलाश चंद ने बताया कि उनके पास एक दिन पहले फोन आया था कि आपका आयुष्मान कार्ड बना है। आपको आयुष्मान कार्ड लेने के लिए कार्यक्रम में विज्ञान भवन जाना है। उसके बाद फिर हम आज यहां पहुंचे हैं। हमें आयुष्मान कार्ड देने के लिए बुलाया गया। बता दें कि अभी दिल्ली के 6.54 लाख गरीब परिवारों के करीब 30 लाख सदस्यों, 70 वर्ष से अधिक उम्र के करीब छह लाख बुजुर्गों, आशा वर्कर, अंत्योदय अन्न योजना, आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

रजिस्ट्रेशन की शुरुआत आज से होगी-दिल्ली में 5 अप्रैल से आयुष्मान भारत योजना लागू हो चुकी है। लेकिन, आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए रजिस्ट्रेशन की शुरुआत आज से होगी। इस योजना से दिल्ली के लोगों को 10 लाख रुपए का कैशलेस इलाज प्राइवेट अस्पताल में मिलना शुरू हो जाएगा।




इसमें पांच लाख केंद्र सरकार और पांच लाख दिल्ली सरकार का अनुदान होगा।

लाखों लोगों को मिलेगा इस योजना का लाभः दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रभानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू होने से छह लाख 54 हजार लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। 1961 तरह की बीमारियों का इसमें इलाज हो सकेगा। साथ ही देश भर के 30 हजार से ज्यादा अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से जोड़े गए हैं। दो लाख 35 हजार परिवारों को इस योजना में अभी शामिल किया जाएगा। दिल्ली के 6.54 लाख गरीब परिवारों के करीब 30 लाख सदस्यों, 70 वर्ष से अधिक उम्र के करीब छह लाख बुजुर्गों, आशा वर्कर, अंत्योदय अन्न योजना, आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

11-04-2025 ISN:Layout 1 4/11/2025 7:35 AM Page 3



# भगवान महावीर की पालकी यात्रा से बधाई गीतों के साथ विश्व शांति का संदेश, नगरवासियों ने किया भव्य स्वागत

**बहजोई** । भगवान महावीर के 2624वें जन्मोत्सव पर नगर में विशाल पालकी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान महावीर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बधाई गीत गाए गए और विश्व शांति का संदेश दिया गया। यह यात्रा श्री दिगम्बर जैन सभा के तत्वावधान में मौहल्ला गोलागंज स्थित जैन मंदिर से शुरू हुई। यात्रा के दौरान भगवान महावीर को पालकी में विराजमान किया गया, और यह पालकी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करती रही।

यात्रा के मार्ग पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान महावीर की पालकी का स्वागत किया गया, जो नगरवासियों की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक था। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जैन समाज का योगदान न केवल धार्मिक, बल्कि मानवता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भगवान महावीर का संदेश आज भी विश्वकल्याण के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का जीवन धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहा है, और हमें अपने राष्ट्र धर्म का पालन करना चाहिए, जैसा कि जैन समाज बखूबी करता है।



डॉ. पवन कुमार जैन ने जैन परंपरा में ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक की यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि यह यात्रा हमें जीवों और प्रकृति की रक्षा का संकल्प दिलाती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हमें पर्यावरण के प्रति अत्यधिक संवेदनशील रहना चाहिए। रात्रि में मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान महावीर की पालना झुलाने की परंपरा का निर्वाह किया गया। कार्यक्रम का संचालन सम्भव जैन ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, आरएसएस के जिला संघचालक अनिल शास्त्री, जिला प्रचारक दीपक कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू, पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश बादशाह, ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह, मंजू दिलेर, अजय तम्बाकू, संरक्षक राजेन्द्र जैन, अध्यक्ष सुनील जैन, महामंत्री सम्भव जैन, कोषाध्यक्ष मीतेश जैन, उपाध्यक्ष संजय जैन, व्यवस्था प्रमुख अतिशय जैन, नवनीत जैन, विभोर जैन, विपुल जैन, स्वाति जैन, अभिनय जैन, मनोज जैन, प्रेरक जैन, अजित प्रकाश जैन, मोहित जैन एडवोकेट, आलोक जैन, अभिलाषा जैन, राहुल जैन सर्राफ, अजय जैन, बॉबी जैन, अंशुल जैन, नितेश जैन समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## योगी सरकार के आठ वर्ष:पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के बहोड़ापुर में पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में भाजपा सरकार के विकास, रोजगार, डबल इंजन की सरकार, शांति सुरक्षा, सुशासन के आठ वर्ष पूरा होने पर क्षेत्र में पत्रक देकर उपलब्धियां बतायी। पूर्व सांसद ने साखोपार, भैसही बकनहा सहित दर्जनों गांव में डोर टू डोर जाकर पत्रक वितरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना धरातल पर पहुंच रही हैं और आमजन को लाभ मिल रहा है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, मण्डल अध्यक्ष किंनरेश चौबे, प्रबीण पांडेय, प्रियेश पाठक, चंद्रशेखर मुन्ना, शिव कुमार यादव, मस्तराम राजभर, संतोष सिंह, संकटा सिंह, सुरेश सिंह मौजूद रहे।

# डबल इंजन की सरकार ने सुशासन के पूरे किए आठ वर्षः पीएन पाठक

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने आठवर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने घर-घर संपर्क अभियान शुरू किया है। कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने बूथ संख्या 239 पर जनसंपर्क कर लोगों को सरकार की उपलब्धियों का पत्रक बांटा। गुरुवार को विधायक श्री पाठक ने योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार ने 8 वर्षों में विकास, सुरक्षा और समृद्धि के नए मानक स्थापित किए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अभियान सरकार और जनता के बीच की दूरी कम करेगा '8 साल बेमिसाल' के नारे के साथ शुरू हुआ यह अभियान पूरे प्रदेश में चल रहा है। इससे न सिर्फ सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंच रही हैं बल्कि योजनाओं का लाभ भी आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। डोर टू डोर जनता के द्वार पहुंच कर विधायक पीएन पाठक ने सरकार की उपलब्धि को जनता के सामने रखा। विधायक ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में विकास, रोजगार, डबल इंजन की सरकार, शांति सुरक्षा, सुशासन के 8 वर्ष पूरा कर लिया है। ग्राम पंचायत मैनपुर के रजवाबर, डेलीहवा, खदही आदि गांव में डोर टू डोर जाकर पत्रक वितरित कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए जनसंपर्क किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष अमरजीत कुशवाहा, आद्या पांडेय, राजेश राव, रामायण कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, संजीव सिंह सहित पार्टी जन और ग्रामीण मौजूद रहे।



# सहारनपुर में फौजी की गोली मारकर हत्या

**सहारनपुर।** 25 साल के सेना के जवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घर से 300 मीटर दूरी शव मिला। एक गोली सिर में तो दूसरी सीने पर मारी गई। दो दिन पहले चचेरे भाई के मर्डर मामले में फौजी ने कोर्ट में गवाही दी थी। 25 साल के फौजी विक्रांत गुर्जर जम्मू में तैनात थे। 4 दिन पहले छुट्‌टी लेकर घर आए थे। वारदात जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर रामपुर मनिहारान के मुंडीखेड़ी गांव की है। फौजी के छोटे भाई हर्ष ने बताया- भाई रात 8.30 बजे खाना खाकर टहलने बाहर निकला था। काफी देर तक घर नहीं लौटा तो मोबाइल पर कॉल की तो फोन स्विच ऑफ था। हम लोगों ने आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने गांव की एक रोड पर शव पड़ा देखा। वह विक्रांत को पहचान गए। उन्होंने तुरंत परिवार को सूचना दी। हम लोग दौड़ते हुए पहुंचे। वहां शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। सूचना पर एसएसपी रोहित सजवाण मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने जांच की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस को परिजनों ने बताया- विक्रांत के चचेरे भाई रजत की चार साल पहले चाकू मारकर हत्या हुई थी। विक्रांत हत्या के मुख्य गवाह थे। दो दिन पहले यानी 8 अप्रैल को कोर्ट में विक्रांत की गवाही हो गई थी। वह इस केस में आखिरी गवाह थे। इसलिए जम्मू से छुट्‌टी लेकर आए थे। विक्रांत के पिता का नाम राजेंद्र है। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। परिवार में मां, छोटा भाई और दो बहन हैं। अभी किसी की भी शादी नहीं हुई है। भाई हर्ष ने बताया कि रिश्तेदारी में एक सदस्य की कुछ दिन पहले हार्टअटैक से मौत हुई थी। जिसकी गुरुवार को तेरहवीं होनी थी। विक्रांत की हत्या के बाद गांव में तनाव है। पुलिस ने गांव में फोर्स तैनात कर दी है। जिस परिवार पर विक्रांत के भाई की हत्या का आरोप था, वह घर छोड़कर भाग गए हैं। पुलिस का कहना है कि हत्या क्यों हुई। किसने की। अभी यह स्पष्ट नहीं है। परिवार से पूछताछ हो रही है। जांच की जा रही है। छोटे भाई हर्ष ने बताया कि विक्रांत 2019 में सेना में भर्ती हुए थे। 2021 में चचेरे भाई रजत का गांव के देवेंद्र से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।



## डीजे पर तमंचा लहराकर डांस किया, फिर मारी गोली

**कानपुर।** के शास्त्री नगर में डीजी पर डांस करने को लेकर हुए विवाद के बाद दबंग ने एक बुजुर्ग को गोली मार दी। इसके बाद साथियों के साथ मौके से भाग निकला। बुजुर्ग को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल में एडमिट कराया गया है। फजलगंज थाने की पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। इसके साथ ही आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। वारदात के बाद आरोपी घर छोड़कर फरार है। फजलगंज थाना क्षेत्र के महेश्वरी चौक के पास नट बस्ती में रहने वाले दीपक के बेटे हार्दिक का बुधवार शाम को मुंडन संस्कार की पार्टी चल रही थी। इस दौरान इलाके का दबंग ऋषि ठाकुर अपने दोस्तों के साथ जबरन पार्टी में घुस आया और डीजे पर डांस करने लगा। पार्टी में मौजूद वहीं रहने वाले दीपक के रिश्तेदार रघुनाथ उर्फ शंभू (63) ने इसका विरोध किया और उसे डीजे से हटा दिया। इससे झल्लाए ऋषी तत्काल तो वहां से चला गया, लेकिन रात में फिर अपने दो साथियों के साथ वापस डीजे पर पहुंचा और डांस शुरू कर दिया। रघुनाथ उर्फ शंभू ने जैसे ही विरोध किया गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। फिर तमंचा लहराते हुए डांस करने लगा। शंभू ने जैसे ही पकड़कर उसे डीजे से नीचे उतारने का प्रयास किया तो गोली मार दी। शंभू लहूलुहान होकर गिर पड़े।

इसके बाद ऋषि धमकी देते हुए वहां से भाग निकला।

# एक्सपोजर विजिट में भेजने के लिए योगी सरकार का शुक्रिया : अफजाल अहमद

**संतकबीरनगर** )
राष्ट्रीय ग्राम रोजगार अभियान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों दूसरे प्रदेश में एक्सपोजर विजिट के जरिए ग्राम पंचायत के सतत विकास के बारीकियां को नजदीक से जानने का मौका देने के मकसद से प्रदेश सरकार द्वारा तेलंगाना इंस्टीट्यूट आफ रूरल डेवलपमेंट हैदराबाद द्वारा आयोजित पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट में जनपद का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे जनपद के सेमरियावा ब्लॉक क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत सेहूडा के ग्राम प्रधान अफजाल अहमद ने पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट के तीन दिनों के अनुभव को साझा करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस एक्सपोजर विजिट के जरीए हम सभी पंचायत प्रतिनिधियों को काफी कुछ सीखने को मिला है, यहां सरकार के सहयोग से ग्राम पंचायतों ने विकास की नई परिभाषा लिखी है, और यहां की ग्राम पंचायतें खुद आत्मनिर्भर है। इंस्टिट्यूट में संस्थान के अधिकारियों द्वारा भ्रमण टीम के सभी सदस्यों के साथ परिचय एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद ग्राम पंचायत के विकास के मुख्य बिंदुओं की जानकारी दी गई। इसके पश्चात टीम ग्राम पंचायतों के भ्रमण करने के लिए निकला जहां विभिन्न ग्राम पंचायत में टीम पहुंची। इस एक्सपोजर विजिट में भ्रमण करने का एक अलग ही अनुभव रहा। ग्राम प्रधान अफजाल अहमद ने अपने अनुभव को साझा करते हुए आगे बताया कि तेलंगाना राज्य मे 9 अप्रैल को तीसरे दिन एक्सपोजर विजिट ग्राम पंचायत से वापस होने के बाद रात में आदिलाबाद की गेस्ट हाउस में हमारी टीम ने एक फुर्सत के पल बिताये और 10 अप्रैल की सुबह में नाश्ते के बाद आदिलाबाद की ग्राम पंचायत मारला वाई जय नाथ मंडल पहुंची, वहां पर हमे और हमारी टीम को अनुभव की एक नई सीख मिली उसके बाद असीफाबाद की ग्राम पंचायत कुमुराम भीम जय नूर मंडल टीम पहुंची यहां पर हमें बहुत कुछ सीखने को मिला मैं उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद पेश करता हूं कि इस एक्सपोजर विजिट हमें सम्मिलित होने का मौका मिला इस एक्सपोजर विजिट के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को तहे दिल से शुक्रिया।



## संक्षिप्त डायरी

### गौतम बुद्ध आईटीआई में कैंपस सलेक्शन 14 अप्रैल को

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित गौतम बुद्ध आईटीआई गोपालगढ़ के परिसर में 14 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे कैम्पस सलेक्शन में नौकरी के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त जानकारी गौतम बुद्ध आईटीआई के प्रधानाचार्य रविन्द्र यादव ने देते हुए बताया कि कैम्पस सलेक्शन में मारुति सुजुकी हंसलपुर गुजरात की कम्पनी भाग ले रही है। इच्छुक आई टी आई पास और डिप्लोमा धारक अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के साथ साक्षात्कार के लिए समय से प्रतिभाग कर सकते हैं।

### युवती को गोली मारकर कत्ल की वारदात को अंजाम देने वाले गुनाहगार को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ 40 हजार का जुमार्ना

**संवाददाता**
**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश हमीरपुर राठ के बसेला गाँव में 3 मई 2023 को उस वक्त हडकंप मच गया,जब गांव में रहने वाली 20 वर्षीय पूजा को उसके पड़ोस में रहने वाले अभियुक्त ने रात 1 बजकर 30 मिनट के आसपास अपने घरवालों के उकसाने पर घर में घुसकर उसे उठा ले जाने की कोशिश करने के साथ ही बहु और पत्नी के देख लेने पर अभियुक्त ने जान से मारने की नियत से अवैध असलहे से युवती को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था, कत्ल की इस वारदात के बाद युवती के नाना चेतराम की तहरीर पर राठ कोतवाली में मु0अ0सं0-213/2023 धारा458,302,354 आईपीसी सहित 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियुक्त दीपक पुत्र दयाराम निवासी बसेला, राठ हमीरपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की एफटीसी फर्स्ट,गैंगस्टर अदालत के स्कालर जज मनोज कुमार शासन ने अभियुक्त दीपक को गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही सुनाया 40 हजार रुपये का जुमार्ना, जबकि कत्ल की इस संगीन वारदात की जांच राठ कोतवाली के तेज तर्रार तत्कालीन इंस्पैक्टर भरत कुमार ने वख्त पर जांच पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी, वही अभियोजन की तरफ से अदालत में कत्ल की इस वारदात के अभियुक्त के खिलाफ जोरदार पैरवी करते हुये एडीजीसी महेश चन्द्र द्विवेदी ने मौकए वारदात पे मौजूद गवाहों के बयानों और अपनी दमदार दलीलों से ये साबित कर दिया कि, अभियुक्त ने युवती को जानबूझकर मौत के घाट उतारने के इरादे से ही मौकए वारदात पर अवैध असलहे से गोली चलाकर कत्ल की वारदात को अंजाम दिया था, जिस्से पूजा नामक 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई थी।


एडीजीसी:महेश द्विवेदी

### हनी ट्रैप में फंसाकर युवती से शादी, पांच लोगों पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

**ग्रेटर नोएडा/दादरी (शिखर समाचार)** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर हनी ट्रैप में फंसाने, जबरन शादी कराने, शारीरिक शोषण करने और फिर मारपीट कर सुनसान स्थान पर छोड़ने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने दिल्ली निवासी वरुण यादव समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला गंभीर होने के चलते पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। छपरौला क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में अपने परिवार के साथ रहने वाली पीड़िता ने पुलिस उपायुक्त (महिला) के निर्देश पर दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 13 मार्च 2023 को दिल्ली के मयूर विहार फेस-1 निवासी वरुण यादव ने उसे बहला-फुसलाकर हनी ट्रैप में फंसाया। इसके बाद अपने दोस्त बबलू के साथ मिलकर उसे भगा ले गया और गाजियाबाद में जबरन शादी कर ली। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद वरुण यादव उसे अपनी बहन खुशबू के पास ले गया, जो गाजियाबाद में रहती है। वहां उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए गए। इसके बाद वह उसे दिल्ली स्थित अपने परिजनों के पास ले गया, जहां पीड़िता अपने साथ घर से दो लाख रुपये नकद और जेवरात भी ले गई थी। पीड़िता का कहना है कि वरुण और उसके परिजनों ने उसके साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया। नशे की हालत में वरुण अन्य लड़कियों से भी नाजायज संबंध रखता था। विरोध करने पर पीड़िता के साथ मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गई। अस्पताल में उसका उपचार भी कराया गया।

**पुलिस ने की टालमटोल**
14 अगस्त 2024 को वरुण यादव, सुमन यादव, रवि शंकर, और बबलू यादव ने मिलकर गाली-गलौच और मारपीट की। गुस्से में वरुण ने उसे बाइक पर बैठाकर गिरधरपुर गांव के पास शिव मंदिर के पास पानी की टंकी के निकट छोड़ दिया और यह कहकर चला गया कि मैं अभी आता हूं। लेकिन वह वापस नहीं आया और अपना मोबाइल भी बंद कर लिया। पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और थाने में शिकायत की, लेकिन शुरू में पुलिस ने कार्रवाई करने में टालमटोल की। बाद में जब मामला पुलिस उपायुक्त (महिला) तक पहुंचा, तब जाकर बादलपुर कोतवाली में वरुण यादव, बबलू यादव, रवि शंकर, सुमन यादव और खुशबू यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।
पुलिस का कहना है कि आरोप गंभीर हैं और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

### स्याना पहुंचने पर रन फार आंबेडकर रैली का किया गया जोरदार स्वागत

**बुलंदशहरः** स्याना डा.भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित रन फार आंबेडकर रैली का नगर आगमन पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया। गुरुवार को बसपा के रूप चैयरमेन प्रत्याशी ताहिर मलिक ने फीता काटकर डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष में आयोजित साप्ताहिक मेले का शुभारंभ किया। जिसके बाद समिति कार्यकताओं के साथ सैकड़ो युवा रन फार आंबेडकर रैली निकालने को बुलंदशहर पहुंचे। जहां उन्होंने बुलंदशहर स्थित अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर रैली का शुभारंभ किया। देर शाम रैली नगर के बुलंदशहर बस स्टैंड पहुंची। जहां मौजूद लोगों ने रैली का पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। आशीष जाटव ने बताया कि डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष पर नगर के अम्बेडकर पार्क में बीते कई वर्षों से साप्ताहिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि मेले के प्रथम दिन बुलंदशहर से रन फार अम्बेडकर रैली आयोजित की जाती है। जिसके बाद 14 अप्रैल तक मेले के दौरान प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाते है। इस दौरान मास्टर यशवीर सिंह , रज्जन कुमार जितेंद्र भास्कर बिट्टू अरविंद संदीप कृष्ण कुनाल बृजलाल आर्य, देवानंद गौतम, प्रेमराज गौतम, आशीष जाटव, अंकित कुमार, सुमित कुमार, महेंद्र सिंह, संदीप कुमार, डा. गोलू, दीपक, मोहनलाल व श्योराज गौतम आदि मौजूद रहे। फोटो- स्याना में रन फार अम्बेडकर रैली में मौजूद भीड।




# सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करना ममता को पड़ा भारी, अवमानना नोटिस जारी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एसएससी (स्कूल सेवा आयोग) भर्ती घोटाले के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करना भारी पड़ गया है। उनकी हालिया टिप्पणियों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अवमानना नोटिस जारी कर दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बर्खास्त शिक्षकों के एक वर्ग से मुलाकात की और उनका समर्थन करने की कसम खाकर आश्वासन दिया कि योग्य उम्मीदवार बेरोजगार नहीं होने दूंगी। यह घटनाक्रम सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2016 के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती के माध्यम से की गई 25,752 स्कूल नौकरियों की नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले को बरकरार रखने के कुछ दिनों बाद हुआ है। ममता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बंगाल सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रूप में अपनी नौकरी खोने वाले लोगों को कहा कि कृपया यह मत समझिए कि हमारी सरकार ने इस फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं हैं, और ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है।



## भ्रष्ट और अंग्रेजों की भूली-बिसरी औलाद कांग्रेस : कंगना रनौत

सुंदरनगर (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के मंडी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कंगना रनौत ने कांग्रेस पर हमला कर भ्रष्ट और अंग्रेजों की भूली-बिसरी औलाद बताया। सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आईं अभिनेत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने साहसिक निर्णयों और बेदाग ईमानदारी से उस धारणा को पूरी दुनिया में बदल दिया। कंगना ने कांग्रेस पर झूठे वादे करने आरोप लगाकर कहा कि मंडी से पूर्व कांग्रेस सांसद प्रतिभा सिंह ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से निर्वाचन क्षेत्र को कोई राशि आवंटित नहीं की। रनौत ने दावा किया कि उन्होंने बीते आठ महीनों में रामपुर से भरमौर तक मंडी के सभी इलाकों में पांच करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।



## नवरात्रि पर हिमाचल में 18.85 लाख तीर्थयात्रियों ने किए शक्तिपीठों के दर्शन

बिलासपुर (एजेंसी)। हाल ही में संपन्न हुए नवरात्रि उत्सव के दौरान हिमाचल प्रदेश में 18.85 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने शक्तिपीठों के दर्शन किए। आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा 7.82 लाख भक्तों ने कांगड़ा जिले के ज्वाला मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद सिरमौर में माता बाला सुंदरी मंदिर में 3.42 लाख, बिलासपुर में नैना देवी मंदिर में 3.20 लाख, कांगड़ा में बगलामुखी मंदिर में 1.30 लाख, ऊना में चिंतपूर्णी मंदिर में 1.23 लाख, बृजेश्वरी देवी मंदिर में 96,850 और चामुंडा देवी मंदिर में 89 हजार भक्तों ने दर्शन किए। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि यातायात आंकड़ों से पता चला है कि इस अवधि में 15,481 भारी मोटर वाहन, 66,996 हल्के मोटर वाहन और 55,718 दोपहिया वाहनों ने इन शहरों में प्रवेश किया।

## दो अलग-अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

फिरोजाबाद (एजेंसी)। फिरोजाबाद जनपद में दो अलग-अलग स्थानों पर गुरुवार तड़के आए तूफान में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि पहली घटना तहसील सदर क्षेत्र नारखी थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में हुई जिसमें खेत पर काम कर रही महिला ललिता देवी (30) पर आकाशीय बिजली गिरने से झुलस गई। झुलसी अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला आठ माह की गर्भवती थी। दूसरी घटना थाना जसराना क्षेत्र के गांव चनारी में घटी जिसमें खेत पर काम कर रहे किसान पदम वीर सिंह (32) की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। दोनों स्थानों पर तहसील की टीम भेजी गई है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि शासन को दैवीय आपदा राहत कोष से राहत राशि देने के लिए अवगत करा दिया गया है।

## अपना शरबत बेचने के लिए क्या क्या कह गए बाबा रामदेव

नई दिल्ली (एजेंसी)। योगगुरु बाबा रामदेव योग सिखाते-सिखाते कारोबारी भी बन गए हैं। उन्होंने अपना शरबत बेचने के लिए दूसरे शरबतों को न केवल टॉयलेट क्लीनर बताया बल्कि यहां तक कह दिया कि ये लोग इन पैसों से मदरसों-मस्जिदों के निर्माण करते हैं। रामदेव ने आगे दावा किया कि जाहिर तौर पर अगर आप उस कंपनी का शरबत पीते हैं तो यह मस्जिद और मदरसों के लिए धन जुटाने में मदद मिलती है। उन्होंने दावा किया कि अगर आप पतंजलि के शरबत का चयन करते हैं तो इससे गुरुकुलों, आचार्यकुलों, पतंजलि विश्वविद्यालयों और भारतीय शिक्षा बोर्ड को मदद मिलती है। पतंजलि प्रोडक्ट्स नामक हैंडल से फेसबुक पर पोस्ट किए गए इस वीडियो के कैप्शन में हिंदी में लिखा हुआ है कि शरबत जिहाद के नाम पर बेचे जा रहे टॉयलेट क्लीनर और कोल्ड ड्रिंक के जहर से अपने परिवार और मासूम बच्चों को बचाएं। घर में केवल पतंजलि का शरबत और जूस ही लाएं। इस वीडियो में बाबा रामदेव सॉफ्ट ड्रिंक की आलोचना करते हुए नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि ये टॉयलेट क्लीनर की तरह हैं, जिसे गर्मी में प्यास बुझाने के नाम पर पिया जाता है।

# एसपी सम्भल द्वारा पुलिस लाइन का किया गया वार्षिक निरीक्षण, दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

**संवाददाता अफसर अली**
**इंडिया सावधान न्यूज**

बहजोई(संभल) पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, बहजोई जनपद सम्भल का वार्षिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम पुलिस लाइन में गार्द की सलामी लेकर गार्द का निरीक्षण किया गया। सलामी लेने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया, जिसमें शस्त्रों के रखरखाव व रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा शस्त्रागार में रखे राजकीय शस्त्रों के रख रखाव हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा राजकीय सम्पत्ति स्टोर रुम का निरीक्षण कर राजकीय सम्पत्ति से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा स्टोर में रखे सामान के रखरखाव के सम्बन्ध में स्टोर मोहर्रिर व प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों के खाने पीने की व्यवस्था के लिये संचालित भोजनालय का निरीक्षण किया गया, भोजनालय निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई रखने तथा भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशत किया तदोपतान्त ड-



ीसीआर कार्यालय, डायल 112 कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, गार्द रूम, कैण्टीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा स्नानघर/शौचालयों/आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई व उचित रख रखाव आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । वार्षिक निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन गणेश गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एस पी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने दिगम्बर जैन मंदिर बहजोई में प्रतिभाग कर जनपद वासियों को दी शुभकामनाएं

**संवाददाता अफसर अली इंडिया सावधान न्यूज**



**बहजोई(संभल)** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की पावन जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा थाना बहजोई क्षेत्र अंतर्गत गोलागंज स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। जहां पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा भक्तगण/श्रद्धालुजन को संबोधित किया गया तथा समस्त श्रद्धालुजनों एवं जनपद वासियों को पावन जयंती के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## वजीरगंज ब्लॉक के अनमोल मिश्रा व ममनेश यादव ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेंट किया चांदी का मुकुट


**संवाददाता चरन सिंह इंडिया सावधान न्यूज**



**वजीरगंज (बदायूं)** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से नजदीक से मिलने की तमन्ना रखते है। अखिलेश यादव जी भी अपने कार्यकताओं को निराश नहीं करते हैं और आसानी से मिलते भी है जिससे कार्यकताओं में जोश भर जाता है। हर कार्यकर्ता अपने नेता से मिलना चाहता है।जनपद बदायूं के विकास क्षेत्र वजीरगंज के ग्राम बरौर अमानुल्लापुर निवासी अनमोल मिश्रा एवं ममनेश यादव ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलने की ठानी और निकल पड़े अपने नेता से मिलने। लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से उनकी मुलाकात हुई। दोनों दोस्त अनमोल मिश्रा एवं ममनेश यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को चांदी का मुकुट भेंट किया।अपने नेता से मिलने के बाद दोनों दोस्त बहुत खुश हैं।

## बदायूँ में ईको कार पलटी मची अफरा - तफरी दो गम्भीर हालत में , ड्राइवर हिरासत में

**अवधेश शर्मा इंडिया सावधान न्यूज**



**बदायूँ-** बिनावर थाना क्षेत्र के मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास 18 सवारियों से भरी हुई ओवर लोड ईको कार पलट गई गाड़ी में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थी अधिक लोड होने के कारण गाड़ी का अगला टायर फटगया और गाड़ी पलट गई गाड़ी में सवार एक दूसरे के ऊपर गिरे स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और कार में सवार सभी सवारियों को बाहर वड़ी मसक्कत से बाहर निकाला यूपी 112 की पी आर वी तथा बिनावर थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर हादसे में दो लोग गम्भीर रूप से घायलों को अस्पताल पहुंचाया घायलों की पहचान इशहाक पुत्रगण अलीजान गांव उसैता थाना बिनावर और आरिस हुसैन पुर करौतिया थाना कुंवर गांव के रूप में हुई है दोनो गम्भीर रूप से घायलों का इलाज चलरहा है पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेलिया है ।

# मिठाई की दुकानों में मिले चूहों के खाए समोसे और रसगुल्लों पर चलते कॉकरोच, खाद्य विभाग ने तीन दुकानों के लाईसेंस किए रद्द

**इंडिया सावधान न्यूज**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में नगर आयुक्त ऋचा सिंह और खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी के दौरान लक्ष्मी टाकीज के पास मिठाई की तीन दुकानों में गंदगी का ऐसा नजारा देखने में आया कि नगर आयुक्त ऋचा सिंह और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी हैरान रह गए। दुकानों में चूहों के खाए कच्चे समोसे ट्रे में रखे हुए मिले और रसगुल्लों पर कॉकरोच मंडरा रहे थे। इस भयावह स्थिति को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने तीनों दुकानों का लाइसेंस रद्द कर दिया और तत्काल प्रभाव से खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगा दी। जानकारी के मुताबिक नगर आयुक्त को शिकायत मिली थी कि जायसवाल स्वीट्स के पीछे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसके बाद बुधवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह नगर निगम की टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। वहां ज्ञान चंद्र जायसवाल, हरीश चंद्र जायसवाल और भानु प्रताप जायसवाल की मिठाई की दुकानों में बाहर फुटपाथ पर मिठाई, जलेबी, समोसे और भट्टियां सजी मिलीं। नगर आयुक्त ने दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाई और प्रत्येक का 5-5 हजार रुपये का चालान काटा। इस दौरान दुकानों के अंदर का हाल देखकर नगर आयुक्त दंग रह गईं। उन्होंने बताया कि हर तरफ गंदगी फैली थी। एक दुकान में चूहों के खाए कच्चे समोसे ट्रे में रखे हुए थे, तो दूसरी दुकान




में सैकड़ों रसगुल्लों पर कॉकरोच रेंग रहे थे। इसके बाद मौके पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को बुलाया गया।

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह ने भी गंदगी देखकर हैरानी जताई। वहां मौजूद तेल और रिफाइंड भी गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरे। इसके बाद तीनों दुकानों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया और दुकानदारों को तुरंत साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए। अभय सिंह ने बताया कि जब तक दुकानदार नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं लेते, तब तक दुकानें नहीं खुलेंगी। साथ ही रसगुल्ले और बूंदी के सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इस दौरान फुटपाथ से अतिक्रमण हटवाकर नालियों की सफाई भी कराई गई, जो दुकानदारों ने पटाल लगाकर बंद कर रखी थीं। वहीं नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि उन्होंने दुकानदारों से कहा कि वे उनके सामने अपनी बनाई मिठाई खाकर दिखाएं, लेकिन कोई भी दुकानदार इसके लिए तैयार नहीं हुआ। ऋचा सिंह ने कहा कि इससे साफ है कि दुकानदार चूहों के खाए समोसों को दबाकर तलने के बाद ग्राहकों को परोस रहे होंगे। इस तरह की घटनाओं ने खाद्य सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने लोगों से मिठाई और खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले सतर्कता बरतने की अपील की है।

## ग्राम पुसगवां में एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर चले लाठी ईट ,पत्थर, बाइक को किया आग के हवाले

**संवाददाता चरन सिंह**
**इंडिया सावधान न्यूज**

वजीरगंज (बदायूं) मामला थाना वजीरगंज के ग्राम पुसगवां का है। गांव के एक ही समुदाय के दो पक्षों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। गांव के मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ से ईंट पत्थर चलने लगे।किसी ने बाइक में आग लगा दी गई जिससे बाइक धू धू कर जल गई । तो किसी ने कार में तोड़ फोड़ की। दोनों तरफ से चले लाठी, ईंट ,पत्थर से मुख्तियार उम्र 52वर्ष व अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पाकर थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तब जाकर उपद्रव शांत हुआ।पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को थाने ले गई और घायलो का मेडिकल चेकअप और





प्राथमिक उपचार के लिए कस्बे में स्थित सेठ डूंगरमल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। गांव के मुख्य मार्ग पर हुई इस घटना से गांव में अफरा तफरी का माहौल रहा। गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे उसके लिए पुलिस तैनात कर दी है।मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है।पुलिस को दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है।पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गांव चलो अभियान चलाया गया

**संवाददाता अफसर अली**
**इंडिया सावधान न्यूज**

संभल। उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में गांव चलो अभियान के अंतर्गत जिला शीष नेतृत्व के आदेश अनुसार संभल विधानसभा के सेक्टर नखासा 1 के बूथ संख्या 315 पर 313 पर प्रवासी मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी मुकुल रस्तोगी जी उपस्थित रहे। उन्होंने बूथ कमेटी के विषय में विस्तार में बताया सुनील राजपूत नगर उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद शान अली अल्पसंख्यक मोर्चा



शामिल रहे। जिसमें सेक्टर संयोजक गुलजार अंसारी बूथ अध्यक्ष नौशाद अली मुर्शीद उस्मानी वासिफ पाशा मोहम्मद नदीम मोहम्मद जीशान मोहम्मद शाहबाज जावेद अली शाकिर अली मोहम्मद सलमान मोहम्मद उमर जी मोहम्मद अमन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कन्हैया कुमार की बिहार में बढ़ती सक्रियता, लालू और तेजस्वी का बीपी बढ़ा रही

**-तेजस्वी के मुद्दों को भुनाने में जुटे कन्हैया**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपनी-अपनी गोटी बिठाने में जुटे हैं। इसी कड़ी में बिहार में पलायन और बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बनने में कांग्रेस जुटी हुई है। हालांकि पलायन और बेरोजगारी के मुद्दे पर महागठबंधन में दो दल यानी कि कांग्रेस और राजद में खटपट चल रही हैं। दोनों ही दलों की ओर से मुद्दे को उठाया जा रहा है। लेकिन इसके जरिए एक ओर जहां तेजस्वी यादव है। वहीं दूसरी ओर कन्हैया कुमार हैं। राजनैतिक जानकारों के द्वारा दावा किया जा रहा है तेजस्वी के एजेंडे को कन्हैया ने पूरी तरीके से लपक लिया है।

तेजस्वी लगातार बेरोजगारी, पलायन और शिक्षा को मुद्दा बना रहे हैं। वहीं अब इन्हीं मुद्दों के सहारे कन्हैया भी बिहार में कांग्रेस की राजनीति को धार देने की कोशिश में लगे हुए हैं। कांग्रेस नेता कन्हैया पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा निकल रहे हैं। इसके जरिए बेरोजगारी और पलायन को बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है। लेकिन यह कहीं ना कहीं राजद के लिए परेशानी खड़ कर रहा है। दावा हैं कि कन्हैया की पदयात्रा तेजस्वी के लिए परेशानी की सबब बन सकती है। यह दोनों नेता एक ही गठबंधन के हिस्सा हैं, लेकिन एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि युवाओं के वोटो को अपनी और कौन खींचने में ज्यादा कामयाब रहता है। राजद प्रमुख और पूर्व सीएम लालू यादव की वीटो के बावजूद भी कन्हैया को कांग्रेस आलाकमान का सहयोग मिल रहा है। इसकारण कन्हैया की यात्रा में खुद राहुल गांधी शामिल हुए। इसके बाद सवाल उठा रहा हैं कि क्या तेजस्वी के चुनावी मुद्दे को अब कांग्रेसी छीनना चाहती है। पिछले 5-7 सालों में तेजस्वी लगातार रोजगार की बात कर रहे हैं। उन्होंने पिछले चुनाव में 10 लाख नौकरी देने का भी वादा किया था। इस बार भी वह कुछ इसी तरीके का वादा कर रहे हैं।

लेकिन कन्हैया भी इसमें पीछे नहीं है। वह युवाओं से सक्षम बनने की बात कर रहे हैं। रोजगारी की बात कर रहे हैं। लगातार आरक्षण का भी मुद्दा उठा रहे हैं। पलायन को रोकने का भी दावा कर रहे हैं। यह बात किसी से भी छिपी नहीं है कि लालू कभी भी खुलकर नहीं चाहते कि कन्हैया कुमार बिहार की राजनीति में आए। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी जब कन्हैया सीपीआई की टिकट पर चुनावी मैदान में थे और राजद का समर्थन उन्हें नहीं मिल सका था। 2024 के चुनाव में भी यही हुआ। कांग्रेस चाहती थी कि कन्हैया बिहार से चुनाव लड़े। लेकिन फिर से लालू ने वीटो लगा लिया। इसके बाद कन्हैया कुमार को दिल्ली से चुनावी मैदान में उतारा गया था।

दरअसल लालू और राजद को लगता है कि कन्हैया कहीं तेजस्वी के प्रतिस्पर्धी साबित न हो जाए। कन्हैया कुमार जेएनयू से पढ़े लिखे जबकि तेजस्वी की शिक्षा को लेकर लगातार सवाल उठाते रहे हैं। कन्हैया कुमार शानदार वक्ता हैं, लोगों को तर्क पूर्ण बातों से अपनी ओर खींचते हैं। जबकि दूसरी ओर तेजस्वी इस मामले में पिछड़ते हुए दिखाई देते हैं।



11-04-2025 ISN:Layout 1 4/11/2025 7:35 AM Page 5



## हरियाणा के सरकारी स्कूलों में लागू हुई 'टीचर्स डायरी'

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए प्रदेश सरकार ने 'टीचर्स डायरी' को अनिवार्य कर दिया है। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को करवाई जाने वाली पढ़ाई, विद्यार्थियों को पढ़ाने व सीखने के तौर-तरीकों के बारे में पहले ही बताना होगा। सभी शिक्षकों की कर्मचारी आईडी के साथ ही ऑनलाइन डेली डायरी का ऑप्शन दे दिया है।बुधवार से ही डेली डायरी व्यवस्था को लागू कर दिया गया है। यह डायरी नियमित रूप से अपडेट होगी और इसे एमआईएस (मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) पोर्टल पर अपलोड करना होगा। शिक्षकों द्वारा स्कूलों में करवाई जा रही पढ़ाई के बारे में स्कूल इंचार्ज से लेकर शिक्षा निदेशालय ही नहीं बल्कि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तक के पास रिपोर्ट रहेगी। मुख्यालय के अधिकारी कभी भी ऑनलाइन ही शिक्षकों की डायरी को चेक कर सकेंगे। वहीं जिला स्तर पर यह डायरी रूटीन में चेक होगी। इतना ही नहीं, संबंधित स्कूल इंचार्ज (हेड टीचर, हेडमास्टर व प्रिंसिपल) द्वारा शिक्षकों की डायरी को सत्यापित किया जाएगा। उनके पास डायरी को रिजेक्ट करने के अधिकार भी होंगे, लेकिन इसके लिए कारण भी स्पष्ट बताने होंगे।अभी तक स्कूलों के शिक्षक अपनी सुविधा के हिसाब से डायरी लिखा करते थे। शिक्षा निदेशालय ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि डेली डायरी हर शिक्षक के लिए अनिवार्य होगी। अगर किसी शिक्षक की चुनाव, परीक्षा या अन्य किसी काम में ड्यूटी लगी है तो उसे भी पोर्टल पर अपडेट करना होगा। अगर शिक्षक किसी भी तरह के अवकाश पर है तो उसे भी अपडेट करना जरूरी होगा। किसी अन्य सरकारी कार्य में ड्यूटी की वजह से डायरी अपडेट करने में होने वाली देरी पर संबंधित शिक्षक को ड्यूटी पर लौटने के पंद्रह दिनों के भीतर डायरी अपडेट करने की अनुमति दी जाएगी।

## अवैध हथियार सहित पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार करते हुए अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने अमन खान निवासी एसजीएम नगर को एक देसी कट्टा के साथ डिलाईट गार्डन के पास, सुरजकुण्ड रोड फरीदाबाद से, अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने नीरज नाथ निवासी मोलरबंद, दिल्ली को मुरारी स्कूल, सराय ख्वाजा के पास से एक देसी कट्टा सहित व पुलिस चौकी सेक्टर-8 की टीम ने विशाल वासी गांव कपना जिला बुलंदशहर को प्राइमरी स्कुल प्रेमनगर के पास से एक देसी कट्टा व 5 कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। इनके विरुद्ध संबंधित थानों में शास्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

## टेलीग्राम टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को गुरुवार को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल में सेक्टर-31, फरीदाबाद क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास व्हाट्सएप पर कॉल आई, जिस पर ठगों ने उसे टेलिग्राम पर टास्क पूरा कर घर बैठे पैसे कमाने के बारे में बतलाया।इस पर शिकायतकर्ता को टेलिग्राम के जरिये टास्क दिये गये, जिनको पूरा करने के एवज में 4500/-रू उसके खाते में भेजे गये। इस तरह वह लालच में आ गया और टास्क के लिए उसने विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से ठगों के खातों में पांच लाख 23 हजार रुपए में भेजे, जिसके बदले ठगों द्वारा कोई पैसा नहीं दिया गया। शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए नोएडा से अक्षय (25) वासी गांव सेठन जिला अजमेर व मुकुल (22) वासी फुल्लैरा, जयपुर को फुल्लेरा से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले साथ में पढ़ाई करते थे। मुकुल खाताधारक है, जिसने अपना खाता अक्षय को दिया था, वहीं अक्षय ने खाते को आगे ठगों को दिया था। आरोपी अक्षय नोएडा में प्राइवेट कम्पनी में जॉब करता था।

## आईपीओ में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आईपीओ में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 29 फरीदाबाद में रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि वह निवेश के लिए व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ा हुआ था। जब शिकायतकर्ता ने निवेश की इच्छा ग्रुप में जताई तो, ठगों ने शिकायतकर्ता के पास निवेश के लिए टीपीजी कैपिटल नाम की एप का लिंक भेजा और उस पर खाता खुलवाकर निवेश करने को कहा। उसने ठगों के द्वारा बताये गये खाते में दो लाख दस हजार रुपए निवेश के लिए भेजे, लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी एप पर पैसे की कोई जानकारी नहीं दिखी और ना ही ठगों ने मैसेज और कॉल का जवाब दिया तो उसे पता चला के उसके साथ फ्रॉड हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक निवासी गांव सराना, भीलवाडा को सराना, भीलवाडा तथा गणेश व नारायण वासी पुणे को पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। पुछताछ में सामने आया कि आरोपी अशोक अपने इलाके के बेरोजगार लड़कों को पैसे और नौकरी का लालच देकर गणेश और नारायण के पास पुणे महाराष्ट्र भेज देता था। जहां गणेश और नारायण उनको नौकरी का लालच देकर करंट खाता खुलवाकर खाते को ठगों के पास भेज देते थे और कुछ दिन काम पर रखने के बाद लड़कों को काम से निकाल देते थे। आरोपियों को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। मामले में खाताधारक राकेश को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## हरियाणाा से नशों के खात्मे के लिए एकजुटता से प्रयास जरूरी ~ हरिंद्र सिंह

**पलवल।** हरियाणा सरकार की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शुरू की गई साईक्लोथॉन-2.0 ने उपमंडल हथीन के गांव भीमसीका से जिला पलवल की सीमा में प्रवेश किया। इसके उपरांत साइक्लोथॉन उटावड़, कोट व बहीन होते हुए जिला के उपमंडल होडल पहुंची। साइक्लोथॉन के काफिले में शामिल सदस्यों के स्वागत एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से होडल स्थित राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा थीम पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा कला परिषद सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढक़र एक प्रस्तुति देते हुए लोगों को नशा करने से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करते लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। होडल विधायक हरिंद्र सिंह ने सांस्कृतिक संध्या का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ किया।

# शेयर मार्केट में डेढ़ करोड़ रुपये डूब जाने से आहत युवक ने मौत को लगाया गले, परिवार में मचा कोहराम

*शेयर बाजार में नुकसान होने के बाद अवसाद में गए युवक ने मौत को गले लगा लिया। युवक की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक लालकुआं के मोटाहल्दू क्षेत्र के ग्राम किशनपुर सकुलिया निवासी गांव के सम्पन्न पांडे परिवार के होनहार बेटे ने शेयर बाजार में लगभग डेढ़ करोड़ रुपया डूब जाने के बाद अवसाद के चलते घर के वॉशरूम में गले में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। ग्राम किशनपुर सकुलिया निवासी वरिष्ठ काश्तकार देवकीनंदन पांडे के पुत्र हेमचंद्र पांडे उम्र 41 वर्ष ने गत दिवस अपने ही घर के वॉशरूम में फंदा लगाकर दोपहर को आत्महत्या कर ली, घटना के समय उनके परिवार के सदस्य दिल्ली शादी में गए हुए थे। जबकि घर में बुजुर्ग माता-पिता ही अपने कमरे में मौजूद थे।*

**इंडिया सावधान न्यूज**

लालकुआं। शेयर बाजार में नुकसान होने के बाद अवसाद में गए युवक ने मौत को गले लगा लिया। युवक की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक लालकुआं के मोटाहल्दू क्षेत्र के ग्राम किशनपुर सकुलिया निवासी गांव के सम्पन्न पांडे परिवार के होनहार बेटे ने शेयर बाजार में लगभग डेढ़ करोड़ रुपया डूब जाने के बाद अवसाद के चलते घर के वॉशरूम में गले में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। ग्राम किशनपुर सकुलिया निवासी वरिष्ठ काश्तकार देवकीनंदन पांडे के पुत्र हेमचंद्र पांडे उम्र 41 वर्ष ने गत दिवस अपने ही घर के वॉशरूम में फंदा लगाकर दोपहर को आत्महत्या कर ली, घटना के समय उनके परिवार के सदस्य दिल्ली शादी में गए हुए थे। जबकि घर में बुजुर्ग माता-पिता ही अपने कमरे में मौजूद थे। इसी बीच हेमचंद्र ने अपने कमरे के वॉशरूम में आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी सिडकुल की एक प्रतिष्ठित कंपनी में एचआर हेड के पद पर कार्यरत है। ग्राम प्रधान विपिन जोशी के अनुसार हेमचंद्र पांडे शेयर बाजार में काम करते थे और उन्होंने लोगों के करोड़ों रुपये शेयर मार्केट में लगाए थे। शेयर डाउन होने के चलते उन्हें भारी नुकसान हो गया। इसी बीच हेमचंद्र पांडे के पिता देवकीनंदन पांडे ने अपनी जमीन बेचकर बकायेदारों को लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक पैसा लौटा दिया था, लेकिन हेमचंद्र घाटा होने के चलते अवसाद में चले गए, इसी दौरान गत दिवस उन्होंने मौत को गले लगा लिया। हेमचंद पांडे की 10 वर्ष की एक बेटी जबकि 14 माह का नन्हा दूधमुहा बेटा है। उक्त घटना से पूरे परिवार में कोहराम



मच गया है। परिवार के लोग सदमे में हैं। वहीं गांव में शोक की लहर व्याप्त है। आज गमगीन माहौल में उनकी शव यात्रा निकाली गई और चित्रशिला घाट में देर शाम अंतिम संस्कार किया गया। वहीं हल्दूचौड़ पुलिस चौकी के प्रभारी शंकर सिंह नयाल ने बताया कि हेमचंद्र पांडे का परिवार अत्यधिक संस्कारवान एवं सभ्य है। पिछले माह फरवरी में डिप्रेशन में आकर हेमचंद्र घर से भाग कर बेंगलुरु चला गया था। 15 दिन बाद जब वापस लौटा तो उन्होंने पूरे परिवार को बुलाकर उसकी काउंसलिंग कराई तथा युवक को बहुत समझाया। उन्होंने बताया कि पूरे परिवार ने भी हेमचंद्र का बहुत सपोर्ट किया। परंतु इसके बावजूद वह शेयर बाजार में हुए घाटे से स्वयं को उभार नहीं पाया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## 1964 करोड़ की आय व 1924 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव सदन में सर्वसम्मति से पास

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर निगम सदन की एक विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर निगम फरीदाबाद के वित्त वर्ष 2025 - 26 के बजट पर प्रस्ताव पेश किया गया। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, खाद्य राज्य मंत्री राजेश नागर, पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक मूलचंद शर्मा विधायक धनेश अदलखा, विधायक सतीश फागना, विधायक रघुवीर तेवतिया, निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास सहित निगम सदस्य तथा अधिकारी गण उपस्थित रहे। नगर निगम के वित्तीय नियंत्रक दिनेश कुमार ने बजट निगम सदन में रखा। जिसमें 1964 करोड़ रुपए की अनुमानित आय और 1924 करोड रुपए का संभावित खर्च का प्रावधान किया गया है। बजट में प्रॉपर्टी टैक्स से लगभग 163 करोड़ रुपए स्टांप ड्यूटी से 220 करोड़ और विकास शुल्क से लगभग 100 करोड रुपए आमदनी का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा भूमि दुकानों का बिक्रिय (कोर्ट प्रोसीडिंग्स) से लगभग 300 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। कचरा प्रबंधन से भी 72 करोड रुपए का अनुमानित प्रस्ताव रखा गया ,जबकि विज्ञापन से लगभग 27 करोड रुपए , विकास शुल्क से 100 करोड रुपए का और म्युनिसिपल टैक्स बिजली विभाग से 55 करोड रुपए का अनुमानित प्रस्ताव सदन में रखा गया। बजट में 1964 करोड़ के अनुमानित आय और 1924 करोड रुपए के अनुमानित खर्च के इस प्रस्ताव को सदन की बैठक में एक ध्वनि एकमत से पारित किया गया।।

निगम सदन के सदस्यों ने इस बैठक में अपने सुझाव और समस्याएं भी रखी। बैठक में विज्ञापन पेयजल मीटर और प्रॉपर्टी टैक्स से आय बढ़ाने जैसे सुझाव भी रखे गए। जबकि सदन के कुछ सदस्यों ने अपने वार्डों की समस्याएं भी बताई। बैठक की अध्यक्षता कर रही महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने सभी सदस्यगण को भरोसा दिलाया कि वह फरीदाबाद शहर के विकास को मिलकर करेंगे उनका एक ही सपना है कि स्वच्छ फरीदाबाद और हरित फरीदाबाद और यह तभी पूरा होगा जब सभी सदन के साथी और अधिकारी मिलकर कार्य करेंगे। निगम सदन की बैठक के बाद महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने पत्रकारों को बताया कि सभी पार्षदों को वार्ड के विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी, उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी प्रत्येक वार्ड का दौरा करेगी और जहां भी विकास के कार्य के लिए राशि की जरूरत होगी वह उसे वार्ड के लिए अलग से बजट का प्रावधान कराएगी। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सभी पार्षद निगम प्रशासन को अपने वार्ड में कराए जाने वाले कार्यों से अवगत कारण ताकि नगर निगम के अधिकारी वार्ड के अंदर किए जाने वाले कार्यों को करने के लिए उनकी फाइल तैयार करें उन्होंने कहा कि फरीदाबाद का विकास तेज गति के साथ सभी निगम अधिकारी और पार्षदगण के सहयोग से पूरा होगा।

उन्होंने जनता से सीधे चुनकर आई महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी और सभी सदस्य गणों को बजट की इस विशेष बैठक की बधाई दी। बैठक में नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी सहित उपस्थित सदस्य गण को आश्वासन दिया कि नगर निगम सभी के सहयोग से फरीदाबाद के विकास के लिए बेहतर कार्य करेगा,सभी अधिकारी सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ फरीदाबाद के विकास में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## चंडीगढ़ ग्रेनेड अटैक में NI का बड़ा एक्शन, छठा आरोपी गिरफ्तार; PAK में बैठे रिंदा और हैप्पी पासिया से जुड़े तार

**चंडीगढ़( एजेंसी)।**

एनआईए ने चंडीगढ़ ग्रेनेड अटैक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि उसने विदेश में खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा रची गई साजिश में महत्वूपूर्ण भूमिका निभाई थी.

यह जानकारी एनआईए ने बुधवार को अपने एक बयान में दी. इसमें बताया गया है कि आतंकवादी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं. इनके खिलाफ एनआईए ने पिछले महीने ही इस संबंध में एनआईए ने आरोपपत्र दाखिल किया था.

हालांकि मामले की शुरुआत में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इसको अंजाम देने की बात कही गई थी. लेकिन जांज के दौरान गुरदासपुर पंजाब के अभिजोत सिंह की भूमिका सामने आने के बाद उसे हिरासत में लिया गया.साथ ही कहा गया है कि अभिजोत पहले से ही एक अन्य थाने पर ग्रेनेड फेंकने के सिलसिले में जेल में है. बताया जाता है कि पाकिस्तान में रह रहे



हैप्पी के संपर्क में था, और वह भी इस साजिश का हिस्सा था.एनआईए के बयान के अनुसार जांच में पता चला कि हैप्पी के निर्देश पर ही अभिजोत ने जुलाई और अगस्त 2024 में कई बार टारगेट स्थान की रेकी की थी. इतना ही नहीं उसने घटना को अंजाम देने के लिए फर्जी नंबर प्लेट वाली बाइक की भी व्यवस्था की थी. यह बाइक चोरी की पाई गई.बताया जाता है कि हैप्पी ने अगस्त 2024 के दौरान अभिजोत के अलावा पहले से गिरफ्तार एक अन्य आरोप रोहन मसीह को पिस्तौल मुहैया कराई थी. सितंबर 2024 में किए गए हमले का मकसद पंजाब पुलिस के एक रिटायर अफसर को निशाना बनाना था, जिनके बारे में हमलावरों को जानकारी थी कि वह चंडीगढ़ के सेक्टर 10 स्थित घर में रहते थे.जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि अभिजोत और रोहन अगस्त महीने में दो बार टारगेट किए घर पर गए थे, हालांकि इस दौरान वह घटना को अंजाम देने में कामयाब नहीं हो सके थे. वहीं अभिजोत को गिरफ्तार करने के बाद एनआईए ने अन्य संदिग्धों की शिनाख्त में बुधवार को हरियाणा के करना में एक जगह पर तलाशी भी ली.

## सेल्फी के चक्कर में महिला झील में जा गिरी, मित्र पुलिस ने बचाई जान

**इंडिया सावधान न्यूज**



**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में बोट स्टैंड के पास रात करीब 11 बजे एक महिला सेल्फी लेते समय रैलिंग से पैर फिसलने के कारण झील में जा गिरी। इस घटना के बाद पास में तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत तत्परता और साहस का परिचय दिया। पिकेट ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल मनोज कुमार और आईआरबी कांस्टेबल मनोहर सिंह के साथ-साथ चीता मोबाइल की टीम ने बिना समय गंवाए स्थानीय नाविकों की मदद से महिला को झील से बाहर निकाला। महिला को तत्काल बीडी पांडे चिकित्सालय भेजा गया, जहां उसका उपचार किया गया और उसकी स्थिति स्थिर बताई गई। इस घटना में स्थानीय पुलिसकर्मियों और नाविकों ने अपनी निष्ठा, साहस और मानवता का उदाहरण पेश किया। जिससे एक कीमती जीवन को बचाया जा सका। वहीं पुलिस ने लोगों से अपील की है कि जीवन अमूल्य है और सेल्फी के चक्कर में अपनी जान को जोखिम में ना डालें तथा हमेशा सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश को देंगे बड़ी सौगात- गौरव गौतम

**पलवल।** प्रदेश सरकार में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को प्रदेश के हिसार और यमुनानगर जिला में दो बड़ी जनसभाएं करेंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है जब प्रधानमंत्री प्रदेश के दो जिलों में जनसभाएं करेंगे। इन जनसभाओं में जिला से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं सहित लोगों को शामिल होने का आह्वान किया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने वीरवार को जिला भाजपा कार्यालय में बैठक की।बैठक में मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार में एयरपोर्ट का उदघाटन और यमुनानगर में थर्मल प्लांट का शिलान्यास कर प्रदेश के लोगों को बड़ी सौगात देंगे। इन कार्यक्रम में जिला से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मंत्री गौरव गौतम ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार देश और प्रदेश में लगातार बिना भेदभाव के लगातार विकास कार्य कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने को लेकर संकल्पित है। प्रदेश सरकार द्वारा समान रूप से सभी जिलों में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। प्रदेश के सभी गांवों में अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने को लेकर कार्य किए जा रहे हैं। गांवों में किसानों के लिए खेत-खलियान को जाने वाले रास्तों को पक्का करने का कार्य किया जा रहा है। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल के विकास को लेकर निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ सफाई व्यवस्था में भी दुरुस्त किया जा रहा है। उन्होंने पलवल के युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि जिले के युवा शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए आगे आएं। जिला में लगभग सभी खेलों के कोच की नियुक्ति कर दी गई है। इसके अलावा खेलों में जिले के युवाओं को आगे ले जाने के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाने को लेकर वह संकल्पित है। युवा खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर जिले का नाम देश-विदेश में रोशन करें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, पूर्व जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, हरेंद्र पाल राणा, मेहरचंद गहलोत, सतीश बैंसला, प्रवीन ग्रोवर, योगेश, दिनेश कौशिक, आशा भारद्वाज व किरण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 'नशा मुक्त' भारत ही बनेगा 'विकसित और आत्मनिर्भर' भारत : खेल मंत्री

### साइक्लोथॉन में जिलावासियों ने एक स्वर में 'हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना' का संकल्प लिया

**पलवल, (एजेंसी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने के संकल्प के साथ साइक्लोथॉन यात्रा गुरुवार को 'हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना' संदेश के साथ फरीदाबाद के लिए रवाना हो गई। हरियाणा सरकार में खेल मंत्री गौरव गौतम ने मुख्यमंत्री की 'ड्रग फ्री हरियाणा' मुहिम को शुभकामनाओं के साथ फरीदाबाद के लिए रवाना किया।

साइक्लोथॉन में जिलावासियों ने एक स्वर में 'हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना' का संकल्प लिया। इससे पहले गुरुवार को सुबह साइक्लोथॉन उपमंडल होडल से पलवल पहुंची। उपमंडल होडल से होडल के विधायक हरिंद्र सिंह, एसडीएम होडल बेलीना सहित अन्य गणमान्य लोगों ने साइक्लोथॉन को ढोल-नगाड़ा बजाकर व



हरी झंडी दिखाकर पलवल के लिए रवाना किया। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ गांव भीमसीका से लगातार साइक्लोथॉन का नेतृत्व करते हुए साइकिल चलाकर साइक्लोथॉन के साथ पलवल स्थित महाराणा प्रताप चौक तक पहुंचे।

पलवल शहर में पहुंचने पर हरियाणा सरकार में खेल मंत्री गौरव गौतम, विधायक होडल हरिंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला, एडीसी अखिल पिलानी, एसडीएम पलवल ज्योति, डीएमसी मनीषा शर्मा, सीटीएम अप्रतिम सिंह सहित जिला के अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संगठन प्रतिनिधियों, खिलाडियों, विद्यार्थियों व युवाओं ने सभी साइकिलिस्ट का ढोल-नगाड़ों, फूल मालाओं व पुष्प वर्षा करते हुए गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया। पलवल शहर के जिला सचिवालय पर पहुंचने पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने ढोल-नगाड़ा बजाकर साइक्लोथॉन के पलवल आगमन पर खुशी जाहिर की।

खेल मंत्री जिला सचिवालय परिसर से साइकिल चलाकर सेक्टर-2 स्थित महाराणा प्रताप चौक पहुंचे और साइक्लोथॉन में भागीदार बने। साइक्लोथॉन गुरुवार को सुबह होडल से चलकर गांव बंचारी, मुडकटी, सराय, खटेला, मित्रोल, बामनीखेड़ा, पुलिस लाइन, जिला सचिवालय पलवल, आगरा चौक, पुराना जीटी रोड से मीनार गेट, कमेटी चौक होकर सेक्टर-2 स्थित महाराणा प्रताप चौक पर पहुंची। खेल मंत्री गौरव गौतम के साथ विधायक हरिंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, सतपाल देशवाल, उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन, अतिरिक्त उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने साइकिल यात्रा में भागीदारी करते हुए साइकिल चलाई।

साइक्लोथॉन में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से उप निरीक्षक अशोक कुमार अपनी साइकिल के साथ लोटा और नमक लिए हुए चल रहे हैं। वे आमजन से लोटे में नमक डलवाते हुए अपने क्षेत्र सहित हरियाणा प्रदेश को 'नशा मुक्त हरियाणा' बनने का संकल्प दिलवा रहे हैं। दो दिन तक पलवल जिला में यात्रा के दौरान ग्रामीणों व युवाओं ने सामाजिक कुरीति के विरूद्ध बढ़चढक़र लोटे में नमक डालते हुए नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपनी आहुति डाली।

11-04-2025 ISN:Layout 1 4/11/2025 7:35 AM Page 6



## संपादकीय

## महंगाई की दोहरी मार

दुनिया भर में शेयर बाजार के जबरदस्त तरीके से लुढ़कने के सदमे के दरम्यान ही सरकार ने जनता को घरेलू गैस सिलेंडर में पचास रुपये का इजाफा कर करारा झटका दिया। उपभोक्ताओं को इस वृद्धि के बाद प्रति सिलेंडर 853 या 879 रुपये देने होंगे जो अब तक क्रमशः दिल्ली में 803 रुपये या कोलकाता में 829 रुपये में मिल रहा था। उज्जवला योजना के तहत मिलने वाला 14.2 किग्रा. का सिलेंडर अब 553 रुपये में उपलब्ध होगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के अनुसार, आगे इस मूल्य वृद्धि की समीक्षा की जाएगी। अमेरिका-चीन के बीच छिड़े व्यापार युद्ध के चलते अप्रैल, 2021 के बाद कच्चे तेल की कीमतें सबसे निचले स्तर पर हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद शेयर बाजार धड़ाम से गिरा है। निवेशकों में चीन समेत अन्य कई देशों के अमेरिका पर उल्टा नये टैरिफ की घोषणा से टैरिफ वॉर के गंभीर रूप लेने का डर बैठ गया है। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी दिखा है, जहां भय और अनिश्चितता के चलते बिकवाली की गहरी मार पड़ी। निवेशकों की घबराहट के बावजूद बाजार के गिरने का सिलसिला मंगलवार को थोड़ा थमता नजर आया। मगर अंतरराष्ट्रीय बाजार के असर से घरेलू शेयर मार्केट का बचना नामुमकिन है। आर्थिक विशेषज्ञ इस ट्रेड वॉर को आर्थिक मंदी की आहट भी मान रहे हैं। बेरोजगारी और महंगाई की मार केवल भारतीय जनता ही नहीं झेल रही है, आम अमेरिकी भी खासा परेशान है। ट्रंप के निर्णयों के बाद अमेरिका में विरोध-प्रदर्शनों का दौर चालू हो चुका है। हालांकि अपने यहां आपसी असहमतियों से बिखरा विपक्ष इस मौके का लाभ लेने में कतई चूक रहा है। पेट्रोल-डीजल के खुदरा मूल्य के न बढ़ने की दलीलों के बावजूद आम उपभोक्ता जल्द ही दाम बढ़ने को लेकर पूरी तरह आशंकित है। जैसे पूर्व में गैस सिलेंडर के दाम दस-दस रुपये बढ़ते रहे हैं। बड़ा तबका अपने सीमित बजट में आसानी से समन्वय कर लेता है। मगर पचास रुपये आम निम्न मध्यवर्गीय की जेब पर पड़ने वाली मामूली राशि नहीं कही जानी चाहिए। वह भले ही छोटा निवेशक न हो पर कंपनियों की आय और मुनाफे पर पड़ रहे ट्रेड वॉर के असर से भी आम नागरिक नहीं बचने वाला। क्योंकि इसके कारण बढ़ी महंगाई के चपेटे में समूची दुनिया आ सकती है। सरकार को तत्काल विचार करने की जरूरत है।

### चिंतन-मनन

## निराशा से होती है हार

नियति प्रम के निरंतर उल्लंघन से प्रकृति का अदृश्य वातावरण भी इन दिनों कम दूषित नहीं हो रहा है। भूकम्प, तूफान, बाढ़, विद्रोह, अपराध, महामारियां आदि पर नियंत्रण पाना कैसे संभव होगा, समझ नहीं आता। किंकर्त्तव्यविमूढ़ स्थिति में पहुंचा हतप्रभ व्यक्ति प्रमशः अधिक निराश होता है। इतना साहस और पराक्रम तो विरलों में होता है, जो आंधी, तूफानों के बीच भी आशा का दीपक जलाए रह सकें, गतिशीलता में कमी न आने दें। ऐसे व्यक्तियों को महामानव-देवदूत कहा जाता है पर वे यदाकदा ही प्रकट होते हैं। आज जनसाधारण का मानस ऐसे ही दलदल में फंसा है। होना तो चाहिए था कि अनौचित्य के स्थान पर औचित्य को प्रतिष्ठत करने के लिए साहसिक पुरुषार्थ जगता पर लोक मानस में उस स्तर का उच्च स्तरीय उत्साह नहीं उभर रहा है। इन परिस्थितियों में साधारण जनमानस का निराश होना स्वाभाविक है। समझ लेना चाहिए कि निराशा हल्के दर्जे की बीमारी नहीं है, वह जहां भी जड़ जमाती है, घुन की तरह मजबूत शहतीर को भी खोखला करती जाती है। निराशा अपने साथ हार जैसे मान्यता संजोए रहती है। इतने दबावों से दबा आदमी स्वयं तो टूटता ही है, साथियों को भी तोड़ता है। इससे शक्ति का अपहरण होता है, जीवनी शक्ति जबाव दे जाती है, तनाव बढ़ते जाने से उद्विग्नता बनी रहती है और ऐसे रचनात्मक उपाय नहीं दिखते, जिनके सहारे तेज बहाव वाली नाव खेकर पार पाया जाता है। निराश व्यक्ति जीत की संभावना नकारने के कारण जीती बाजी हारते हैं। निराशा न किसी गिरे को ऊंचा उठने देती है और न प्रगति की किसी योजना को क्रियान्वित होने देती है। अस्तु, निराशा को छोटी बात न मानकर उसके निराकरण का हर क्षेत्र में प्रयत्न होता रहे। जहां भी निराशा का माहौल हो, उसके निराकरण का हर संभव उपाय करना चाहिए। इसका उपचार यही है कि प्रतिरोध में समर्थ चिंतन और पुरुषार्थ के लिए जन-जन की विचारशक्ति को उत्तेजित किया जाए। उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं पर ध्यान देने और उन्हें समर्थ बनाने के लिए जिस मनोवृत्ति को उत्साहपूर्ण प्रश्रय मिलना चाहिए, उसके लिए आवश्यक पृष्ठभूमि तैयार की जाए।

## महावीर ज्यांति पर विशेष : भगवान महावीर - अहिंसा और आत्मबल का अमर संदेश


इशाकत अली खान, प्रधान संपादक

भारत की पुण्यभूमि ऋषियों, मुनियों और तपस्वियों की भूमि रही है। इस भूमि ने बार-बार ऐसे महामानवों को जन्म दिया जिन्होंने मानवता को नई दिशा और ऊँचाई दी। इन्हीं महामानवों में भगवान महावीर का नाम सर्वोपरि है। उनका जीवन, उनके विचार और उनकी साधना न केवल जैन समाज बल्कि समस्त मानव जाति के लिए पथप्रदर्शक हैं।

आज जब हम महावीर जयंती मना रहे हैं, यह केवल एक परंपरा का निर्वाह नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि केवल पूजा या उत्सव से नहीं, बल्कि उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारने से ही सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित होती है।

भगवान महावीर का जीवनः तप, त्याग और आत्मोन्नति का पथ

भगवान महावीर का जन्म लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व वैशाली के गणराज्य में क्षत्रियकुंड नामक स्थान पर हुआ था। उनके पिता राजा सिद्धार्थ और माता त्रिशला देवी थीं। राजसी वैभव से युक्त जीवन उन्हें कभी बाँध न सका। आत्मा की मुक्तिपथ की पुकार ने उन्हें 30 वर्ष की अवस्था में ही घर-परिवार, सुख-संसार सब कुछ त्यागने को प्रेरित किया।

बारह वर्षों तक उन्होंने कठोर तप, ध्यान और मौन व्रत के साथ आत्मानुशासन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। अंततः उन्हें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई और वे भगवान महावीर कहलाए। उन्होंने समवसरण में बैठकर चार माह में अनेकों जनों को ज्ञान से आलोकित किया।

अहिंसाः केवल बाहरी नहीं, आंतरिक भी

भगवान महावीर ने सबसे पहले जिस सिद्धांत को जीवन का मूल बनाया, वह है - अहिंसा। परंतु उनकी अहिंसा केवल किसी को मारने से बचना नहीं थी, वह विचारों, वाणी और व्यवहार से भी हिंसा से बचने का आग्रह करती थी। वे कहते हैंः

जियो और जीने दो झ यह केवल एक नीति-वाक्य नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवन-दर्शन है।

आज के समाज में जब असहिष्णुता बढ़ रही है, कटुता और हिंसा विचारों से व्यवहार तक फैल रही है, तब भगवान महावीर की यह शिक्षा और भी प्रासंगिक हो जाती है। यदि हम अपने विचारों में भी संयम लाएँ, तो समाज में शांति और सहिष्णुता का वातावरण निर्मित हो सकता है।

आत्मबल की महिमा

भगवान महावीर ने हमें सिखाया कि मनुष्य अपने भीतर अपार शक्ति का स्रोत है। उन्होंने कहाः

खुद पर विजय सबसे बड़ी विजय है।

यह आत्मबल की प्रेरणा आज के युग में अत्यंत आवश्यक है, जब युवा वर्ग बाहरी आकर्षणों में उलझकर आत्मविस्मृति की ओर बढ़ रहा है। आत्मबल और आत्मविश्वास के साथ यदि व्यक्ति आगे बढ़े, तो वह असंभव को भी संभव बना सकता है।

अपरिग्रहः सीमित साधनों में संतोष

आज की उपभोक्तावादी संस्कृति ने हमारी आवश्यकताओं को लोभ में बदल दिया है। भगवान महावीर ने अपरिग्रह का सिद्धांत देकर सादगी, संतोष और आत्मनियंत्रण की शिक्षा दी। यह न केवल आत्मिक उन्नति का पथ है, बल्कि पर्यावरण-संरक्षण का भी आधार है।

यदि आज हम सभी सीमित संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना सीखें, तो प्रकृति भी प्रसन्न होगी और समाज में संतुलन बना रहेगा।

अनेकान्तवादः विचारों की विविधता में समरसता

भगवान महावीर ने 'अनेकान्तवाद' का सिद्धांत दिया, जो विचारों की विविधता को सम्मान देने की प्रेरणा देता है। वे कहते थे - एक ही सत्य को भिन्न दृष्टिकोणों से देखा जा सकता है। यही कारण है कि वे स्याद्वाद का उपदेश देते हैं, जिसमें हर दृष्टिकोण को स्थान मिलता है।

आज के समय में जब विचारों की असहमति को शत्रुता समझा जाने लगा है, तब अनेकान्त का सिद्धांत सहिष्णु संवाद और समरसता की राह दिखाता है।


भगवान महावीर की शिक्षा और आज का समाज

भगवान महावीर के सिद्धांतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे किसी काल या क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं हैं। वे सार्वकालिक, सार्वदेशिक और सार्वमानविक हैं। उनका मूल संदेश है -

आत्मा ही परम मित्र और परम शत्रु है।

आज जब समाज बाहरी तड़क-भड़क में उलझकर भीतर की शांति खो चुका है, भगवान महावीर की शिक्षाएँ आत्मचिंतन और आत्मसाक्षात्कार का मार्ग खोलती हैं।

भगवान महावीर के सिद्धांतों को वर्तमान समाज में स्थापित करने का कार्य सतत रूप से किया जाना चाहिए। पदयात्रा और विहार के क्रम में मैंने पाया है कि लोगों के भीतर भगवान महावीर के विचारों को जानने और उन्हें अपनाने की गहरी आकांक्षा है। वे सत्य, अहिंसा और संयम के लिए सजग हैं झ बस उन्हें सही दिशा और प्रेरणा की आवश्यकता है।



मेरा यह आग्रह है कि महावीर जयंती केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हर मनुष्य के जीवन में नई क्रांति का अवसर बने।

निष्कर्ष

महावीर जयंती हमें केवल भगवान महावीर के जन्म की याद नहीं दिलाती, यह हमें यह सोचने को विवश करती है कि हम उनके सिद्धांतों को कितना जी पाए हैं। आज आवश्यकता है कि हम आडंबर से हटकर आत्मोत्थान की ओर बढ़ें।

यदि हम सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अनेकान्तवाद को जीवन में उतार लें, तो न केवल हमारा जीवन सुखी होगा, बल्कि सम्पूर्ण समाज में समरसता, शांति और सह-अस्तित्व की भावना भी पुष्ट होगी।

आइए, इस महावीर जयंती पर हम संकल्प लें -
हम केवल महावीर को पूजेंगे नहीं, महावीर को जिएंगे

## मुद्दा : बढ़ती गर्मी में घटता जल


पंकज चतुर्वेदी



भारत के सबसे बड़े महानगरों में से एक मुंबई की प्यास बुझाने का दारोमदार जिन सात जलाशयों पर है, उनमें मार्च के चौथे हफ्ते में ही महज 37.67 प्रतिशत पानी बच रह गया। इन जलाशयों में फिलहाल 5 लाख 45 हजार 183 मिलियन लीटर पानी है।

दावा है कि यह जल बमुश्किल मई महीने तक चल पाएगा। हर दिन 400 करोड़ लीटर पेयजल की मांग वाले इस महानगर में समय से पहली आई गर्मी ने पानी का गणित बिगाड़ दिया है। गर्मी के कारण जलाशयों में वाष्पीकरण तेज हो गया है। इसलिए जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है।

देश के दूसरे संरक्षित जलाशयों के हालात भी मुंबई से बेहतर नहीं हैं। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश के अधिकांश बड़े जलाशयों में पानी उनकी कुल क्षमता के मुकाबले 45% तक कम हो गया है। वहीं, मौसम विभाग ने मार्च से मई के बीच भीषण गर्मी की चेतावनी दी है, तीखी गर्मी यानी जमा जल का अधिक वाष्पीकरण। सीडब्ल्यूसी के अनुसार, देश के 155 प्रमुख जलाशयों में फिलहाल 8,070 करोड़ क्यूबिक मीटर (बीसीएम) पानी बचा है, जबकि इनकी कुल क्षमता 18,080 करोड़ क्यूबिक मीटर है। जलाशय आरक्षित जल-कुंड हैं, जो खेती-किसानी की जान होते हैं। अभूत से कल-कारखाने भी इनके पानी पर निर्भर हैं। पेयजल तो है ही। यदि इन जलाशयों में पानी पर वाष्पीकरण की चोट गहरी हुई तो जान लें कि रबी और खरीफ के बीच तीसरी फसल लेने वाले खेत खाली ही रहेंगे। यदि जलाशय खाली, नदी सूखी तो बहुत सी जल विद्युत परियोजनाओं का ठप होना भी तय है। चिलचिलाती गर्मी में बिजली की कमी बड़े स्तर पर हाहाकार का न्योता है। संकट अकेले जलाशयों का नहीं है, नदियां भी समय से पहले सूख रही हैं। नदियों का सूखना अकेले पानी की कमी ही नहीं होता, इससे समूचे पर्यावरणीय तंत्र का नुकसान होता है। जमीन की नमी कम होने से ले कर जल-जंगल के जीव तक इससे प्रभावित होते हैं, और यह समूचा तंत्र जंगलों के नुकसान का कारण बनता है।

खून से लाल बस्तर की जीवन रेखा कहलाने वाली इंद्रावती नदी फरवरी के अंतिम हफ्ते में ही मैदान बन गई। बालाघाट की बावन थड़ी नदी हो या फिर अम्बिकापुर की बांकी नदी या बदायूं की सोत नदी, हर जगह जलधर की जगह रेत का मैदान है और लगता है कि नदी वास्तव में पानी के लिए नहीं, बल्कि बालू के लिए होती है। यह बात सीडब्ल्यूसी कह रहा है कि देश की 20 नदी घाटियों में से 14 में मौजूदा जल भंडार उनकी क्षमता के मुकाबले आधे से भी कम है। इन नदी बेसिनों में से गंगा अपनी सक्रिय क्षमता के मुकाबले मात्र 50 फीसद पर है, जबकि गोदावरी में 48, नर्मदा में 47 और कृष्णा में 34 फीसद पानी ही शेष बचा है। यह परिदृश्य भूजल के लिए सबसे बड़ा खतरा है और हमारे देश की अधिकांश ग्रामीण जल योजनाएं भूजल पर ही निर्भर हैं। बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ का ही परिणाम है कि बिहार की 90 फीसद नदियों में पानी नहीं बचा। कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि-कई-कई धाराओं में बहती थीं जो आज नदारद हैं। झारखंड की 141 नदियों के गुम हो जाने की बात फाइलों में दर्ज हो चुकी है। राज्य की राजधानी रांची में करमा नदी देखते देखते अतिक्रमण के घेर में मर गई। हरमू और जुमार नदियां नाला बना चुकी हैं। चतरा, देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम घने जंगल वाले जिले हैं, जहां कुछ ही सालों में सात से 12 नदियों की जल धारा मर गई।

यह सवाल हमारे देश में लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि ह्यऔसत से कमह्ण पानी बरसा या बरसेगा, अब क्या होगा? देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टेयर कृषि भूमि प्रत्येक दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। अभी तक तो कम बरसात की आंशका होते ही दाल, सब्जी व अन्य उत्पादों के दाम बाजार में आसमानी हो जाते थे लेकिन अब बाजार पर सबसे अधिक असर गर्मी के आंकड़ों का है। इसके बावजूद बढ़ते तापमान के साथ पानी के इस्तेमाल की हमारी आदतें नहीं सुधर रहीं। असल में हमने पानी को ले कर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डाल कर पानी खींचना होता था या चापाकल चला कर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में भी हमारी आत्मा नहीं कांपती है। हमारी परंपरा पानी की हर बूंद को स्थानीय स्तर पर सहेजने, नदियों के प्राकृतिक मार्ग में बांध, रेत निकालने, मलवा डालने, कूड़ा मिलाने जैसी गतिविधियों से बच कर, पारंपरिक जल स्त्रोतों-तालाब, कुओं, बावड़ी आदि के हालात सुधार कर, एक महीने की बारिश के साथ साल भर के पानी की कमी से जूझने की रही है। हम भूल जाते हैं कि प्रकृति पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है, और इस चक्र को गतिमान बनाए रखना हमारी महती जिम्मेदारी है।

## भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल


योगेन्द्र योगी

पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। क्या तरक्की और स्वतंत्रता का यही पैमाना है? सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण का सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा। इस बारे में गहन-चिंतन मनन की जरूरत है।

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझौर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।

पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑगेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है।



आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी।

पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की।

एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़ें के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारिरिक तौर पर चोट पहुंचाती है। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगड? लगती हैं। जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आईआईपीएस की ये रिपोर्ट ये भी कहती है कि एकल परिवार में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं। जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है। वैसे पति पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के मामलों के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आए थे। इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आए। फिलहाल 2025 की तो अभी शुरूआत है। वर्ष 2024 का आंकड़ा एनसीआरबी ने अभी जारी नहीं किया है। लेकिन रिपोर्ट होने वाले आंकड़े डरावने हैं और इन्हीं आंकड़ों को सच करके जब मुस्कान, साहिल, प्रगति, राकेश रौशन ना जाने ऐसे कितने ही नाम और ऐसी कितनी ही तस्वीरें सामने आती हैं तो अहसास करा जाती हैं कि अब मुहब्बत उस अहसास का नाम नहीं रहा जो कभी हर दिल में रहा करता था। सवाल यही है कि आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। क्या तरक्की और स्वतंत्रता का यही पैमाना है? सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण का सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा। इस बारे में गहन-चिंतन मनन की जरूरत है।

11-04-2025 ISN:Layout 1 4/11/2025 7:35 AM Page 7





# शरीर भी आर्थिक स्थिति देखकर देता है साथ

**कहा जाता है कि बुरे समय में आपका सबसे अच्छा साथी आपका स्वास्थ्य होता है, लेकिन यह कहावत शायद पूरी तरह सच नहीं है, क्योंकि आपका शरीर भी आपकी आर्थिक स्थिति को देखकर आपका साथ देता है।**

**ब्रिटिश** वैज्ञानिकों के दल ने इस बात का दावा किया है कि लंबी आयु के लिए जिम्मेदार हार्मोन भी तभी आपका साथ देता है, जब आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं ने पाया कि लंबी आयु के लिए जिम्मेदार हार्मोन डीएचईएएस (डी हाइड्रोइपिएंड्रोस्टोरेन सल्फेट) की अधिकतम मात्रा याददाश्त को बढ़ाने, तनाव को कम करने में मददगार होती है और खासकर यह पुरुषों में पचास साल की आयु के दौरान काम करने लगता है।

## लंबी आयु के लिए जरूरी

शोध दल के प्रमुख सर माइकल ने बताया, मैं विश्वास से कह सकता हूं कि यह हमने पहली बार किया है। मेरा यह निजी तौर पर मानना है कि यह तनाव को कम करने का एक तरीका हो सकता है।

आपके शरीर में हार्मोन डीएचईएएस (डी हाइड्रोइपिएंड्रोस्टोरेन सल्फेट) की अधिकतम मात्रा में मौजूदगी आपको लंबे समय तक जिंदा रखती है। गुर्दे के ऊपर स्थित एड्रीनल गंथि से स्रावित होने वाला यह हार्मोन उनमें अधिकतम मात्रा में पाया जाता है, जो ज्यादा व नियमित तौर पर व्यायाम करते हैं और ज्यादा खुशी, उत्साह, रोमांच और अपने दोस्तों व परिवार के साथ जिंदगी व्यतीत करते हैं। इस तरह का आरामदायक और विलासितापूर्ण जीवन जीना, तभी संभव है जब आपके पास अकूत धन हो।

## उम्र बढ़ने पर होता है स्रावित

उम्र को लेकर किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि एक दूसरा हार्मोन आईजीएफ (इंसुलिन लाइक ग्रोथ फैक्टर) भी उम्र बढ़ने के साथ कम मात्रा में स्रावित होने लगता है। ये दोनों हार्मोन सम्मिलित रूप में मिलकर तनाव की स्थिति को कम करते हैं। इसके साथ ही यह शरीर की अन्य जैविक गतिविधियों मसलन पाचन, प्रतिरक्षा तंत्र और ऊर्जा बनने की प्रक्रिया को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इस प्रयोग को करने के लिए शोधकर्ताओं के दल ने करीब पचास साल की उम्र के 1000 व्यक्तियों के खून के नमूने प्राप्त कर यह निष्कर्ष निकालने में कामयाबी पाई। सर माइकल ने कहा, हमने स्पष्ट रूप से पाया कि कम धनी लोगों के बीच तनाव, मोटापा और अनियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान की अधिकता तथा हरी सब्जियों और फलों का कम मात्रा में सेवन कुछ ऐसे कारक थे, जो उनके बीच मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या को उत्पन्न करने के लिए जिम्मेदार थे।

## हार्मोन को सीधा बढ़ाएंगे

शोधकर्ताओं के मुताबिक इस नए शोध के परिणाम की वजह से ऐसी दवाओं के निर्माण का रास्ता खुल गया है, जिसके जरिए हम शरीर में इस तरह के हार्मोन को सीधे बढ़ा पाएंगे। शरीर में इस तरह के हार्मोन के स्तर को बढ़ाने का मामला केवल कुछ गोलियां खाकर पूरा नहीं हो सकता। इस हार्मोन का स्राव बचपन और युवावस्था में काफी मात्रा में होता है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ ही इसके स्राव में गिरावट आने लगती है। अस्सी की उम्र में तो इसकी स्रावित मात्रा युवावस्था के मुकाबले में केवल दस प्रतिशत ही रह जाती है।

**अगर आपके कंधों, बाहों में जोर का दर्द है और लंबे समय तक ठीक नहीं हो रहा है तो आपको रोटेटर कफ टियर की जांच और परीक्षण कराने की जरूरत है।**





# कंधों-बांहों में दर्द का कारण रोटेटर कफ इंजरी

चार पेशिया कंधे की हड्डी और पसलियों की मांसपेशियों को ऊपरी बांह की हड्डी के साथ जोड़ती हैं, क्योंकि ये पेशियां बांह को उसके कोटर के भीतर घूमने में मदद करती हैं, इन पेशियों के आस्तीन को रोटेटर कफ कहा जाता है।

## रोटेटर कफ पेशियां

रोटेटर कफ में पेशियां आसानी से घायल हो सकती हैं, क्योंकि ये एक तंग जगह के भीतर घूमती हैं। जब कंधे को उसके घुमाव की प्राकृतिक सीमा की हद में मोड़ा या उठाया जाता है, इस तंग जगह में पेशियां भी घूमती हैं। कभी कभी रोटेटर कफ की पेशियां उसके ऊपर के हड्डीदार लौंदे (अंशकूट) या कंधे के सामने एक अस्थिबंध से टकरा या रगड़ खा सकती हैं। इस घर्षण को इंमपिंजमेंट सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है और रोटेटर कफ में सूजन का कारण बनता है। रोटेटर कफ घर्षण की सूजन पैदा करने की सबसे ज्यादा संभावना होती है। यदि आपके कंधे का घुमाव कठिन या दोहरावदार है। सूजन तीन समस्याएं पैदा कर सकती है :

## रोटेटर कफ टैंडोनाइटिस

अकेली पेशी की सूजन विशिष्ट घुमाव में दर्द उत्पन्न करती है, जब मांसपेशी जो उस पेशी को खींचती है, उपयोग हो रही है या जब आप ऊपर की ओर पहुंच रहे हैं।

## शोल्डर बर्साइटिस

उप-अंशकूटीय बरसाइटिस भी कहते हैं। बरसाइटिस तब होता है जब सूजन तरल पदार्थ, जो रोटेटर कफ की पेशियों को चिकना करता है और खंड तक फैल जाती है। दर्द अक्सर रात में और बुरा होता है, जब आप लगभग किसी भी दिशा में अपना कंधे ले जाते हैं, खासकर यदि आप ऊपर की ओर ले जाते हैं।

## रोटेटर कफ टियर

- सूजन के कारण कमजोर हो जाने के बाद पेशी टूट सकती है।
- कंधे के इस्तेमाल के कई प्रकार सामान्यत: रोटेटर कफ की वजह से होते हैं :

## अपने हाथों से धक्का देना

घुटने के गठिया, टांगों में अन्य दर्दनाक स्थितियां, या जांघों में कमजोर चतु :शिरस्क पेशियों द्वारा पीड़ित लोग अपने हाथों से धक्का देकर क्षतिपूर्ति करते हैं, जब वे कुर्सी से उठते हैं। कंधे इस प्रयोग के लिए नहीं बनाए गए हैं। धक्का देने के दौरान, कंधे की कोटर और प्रगंडिका एक उल्टी मोरटार और मूसल जैसे काम करती हैं, रोटेटर कफ पेशियों को कुचलते और पीसते हुए। फैलाए हुए हाथ के बल गिरते हैं, सीधे वाहन दुर्घटनाओं और खेलों में टक्कर भी पेशियों को कुचल सकती हैं।

## पुनरावृत्तीय फैलाव

ऊपरी हाथों की स्थिति तंग जगह जिनसे रोटेटर कफ पेशियों को निकलना होगा, को छोटा कर देती हैं। पुश अप, तैराकी, घर की सफेदी, घिसना, भवन निर्माण करना, ऑटो मैकेनिक का काम और अन्य गतिविधियां रोटेटर कफ की चोट का कारण हो सकती हैं।

## सशक्त या आकस्मिक ऊपरी बांह का घुमाव

टियर्स विशेष रूप से फेंकने वाली खेलों, रैकेट खेल और कुश्ती के खिलाड़ियों में आम हैं। अचानक संचलन, जैसे एक लॉन की घास काटने की मशीन शुरू करने के लिए खींचना, एक कमजोर पेशी को तोड़ सकता है। इसके अलावा आपका कंधा और आसानी से घायल हो सकता है अगर यह अस्वस्थ है। संकीर्ण जगह जो रोटेटर कफ पेशियों को घेरती है और भी संकीर्ण हो जाता है। अगर आपके कंधे की मांसपेशियां कमजोर या तंग हैं जब ऐसा होता है। दैनिक कंधे के संचलन की अधिक पेशी घर्षण पैदा करने की संभावना है।

## रोटेटर कफ इंजरी की चिकित्सा

कंधे में टैंडोनाइटिस, बरसाइटिस और छोटे रोटेटर कफ टियर्स का प्रभावी रूप से कोर्टिकोस्टेरॉयड दवा की सुई के साथ इलाज किया जा सकता है। इसके बाद कंधे की गति को पुन:संचलन में लाने और रोटेटर कफ की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए भौतिक चिकित्सा के व्यायाम किए जाते हैं। नॉन स्टैरोइडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स (एनएसए आईडी) जैसे आइबुप्रोफेन (एडविल, मोट्रिन और अन्य) दर्द और सूजन को कम करने में उपयोगी होती हैं। अगर आपका चिकित्सक पता लगाता है कि आपको कैल्सिफिक टैंडोनाइटिस है, तब डॉक्टर इस बीमारी का इलाज शुरू करता है। प्राय: दोहराती रोटेटर कफ की चोटों या रोटेटर कफ पेशी में बड़े चीरों के लिए सर्जरी आवश्यक हो सकती है।

## रोटेटर कफ इंजरी का निदान

रोटेटर कफ की चोट का आमतौर पर शारीरिक परीक्षण द्वारा निदान किया जाता है। आपका चिकित्सक आपकी बांह कंधे से घुमाएगा और फिर आपकी बांह ऊपर उठाएगा। अगर ऐसी गति से दर्द होता है, रेटेटर कफ सूजा हो सकता है। अगर आपकी कमजोरी ध्यान देने योग्य है, तो आपको रोटेटर कफ टियर की जांच के लिए और परीक्षण कराने की जरूरत है। आपकी मांसपेशियां जो दर्द के कारण जवाब दे रही हैं, उनसे पेशी की वास्तविक कमजोरी में अंतर आपका चिकित्सक आपके कंधे में सुन्न करने वाली दवा डालकर कर सकता है। यदि टियर लग रहा है, एक चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई) स्कैन या शोल्डर अर्थोनाम निदान की पुष्टि कर सकता है। आर्थोग्राम जोड़ों में डाई डालने के बाद कंधे का लिया एक एक्सरे है। कंधे के एक्सरे की हमेशा जरूरत नहीं होती, लेकिन ये मददगार है यदि आपके कंधे को आघात पहुंचा है या आपका चिकित्सक आपकी गति की पूरी सीमा तक आपका कंधा नहीं घुमा सकता। यदि आपके लक्षण सफल उपचार के बाद वापसी कर रहे हैं या जा नहीं रहे, आपका चिकित्सक एक्सरे का आदेश दे सकता है। कभी कभी सूजी हुई पेशी पर कैल्शियम तलछट बनते हैं, जो कैल्सिफिक टैंडोनाइटिस नामक स्थिति उत्पन्न करते हैं।

## रोटेटर कफ इंजरी के लक्षण

रोटेटर कफ की चोटें आपके कंधे और ऊपरी बांह में दर्द का कारण उत्पन्न करती हैं। दर्द सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण तब हो सकता है, जब आप अपने हाथ ऊपर या बाहर फैलाते हैं। जब आप अपने हाथ उठाते हुए घुमाते हैं, पेशियों की आसपास के ढांचों से रगड़ने की अधिक संभावना है। इस कारण जब आप अपने बालों में कंघी करने या अपनी बांह आस्तीन में डालने की कोशिश करते हैं, आपके कंधे के लक्षण सबसे बुरे हो जाते हैं। रात में आपको क्षीण, दुखता हुआ कंधे का दर्द हो सकता है। इसके अलावा रोटेटर कफ टियर्स जो पेशी के एक महत्वपूर्ण भाग को प्रभावित करते हैं, कंधे की कमजोरी उत्पन्न कर सकते हैं। आपकी बांह एक तरफ बाहर फैलाकर रखने की या कोई वस्तु उठाने की क्षमता को सीमित करते हैं। दर्द की वजह से कंधे का उपयोग करने में कठिनाई का मतलब हमेशा ये नहीं कि टियर है।



# विलसन डिजीज से होता है पढ़ाई में चिड़चिड़ापन

**यदि आपके बच्चे का पढ़ाई-लिखाई में मन नहीं लग रहा है, उसमें चिड़चिड़ापन आने लगा है तो आप इसे हल्के से नहीं लें। हो सकता है कि उसे विलसन डिसीज हो गई हो। प्रदेश में लगभग आठ प्रतिशत बच्चे इस बीमारी से पीड़ित हैं।**


न्यूरोलॉजिस्ट सैमुअल अलेक्जेंडर विलसन ने 1912 में इस रोग का पता लगाया था। तभी से इस बीमारी को नाम मिला। मस्तिष्क व लीवर के ऊत्तकों (टिश्यू) में मौजूद एटीपी-7 बी नामक जीन (जो कि एक प्रोटीन होता है) के विभाजन (म्यूटेशन) के कारण यह बीमारी होती है। यानी भोजन के साथ शरीर में पहुंचने वाला तांबा तत्व ठीक से नहीं घुल पाता और ऊतकों में जमा हो जाता है।

## संतान में संभावना

इस जीन की एक असामान्य कॉपी 100 में से एक मनुष्य में मौजूद रहती है। इस बीमारी के लक्षण माता-पिता में तो नहीं दिखाई देते, पर वे वाहक (कैरियर) बन जाते हैं और बच्चों में 6 से 20 की उम्र में लक्षण उभर जाते हैं।

## कॉपर बढ़ना है कारण

यह बीमारी शरीर में कॉपर की मात्रा बढ़ने से होती है, इसलिए बच्चे को चाकलेट व बादाम नहीं देना चाहिए। विलसन डिसीज होने पर यदि समय पर रोगी का उपचार नहीं किया गया तो इससे लीवर और आंखों को क्षति पहुंच सकती है। इसका इलाज अभी महानगरों में मौजूद है। बच्चे में कॉपर की मात्रा बढ़ने से उसमें पढ़ाई के प्रति उकताहट होने लगती है, किसी अन्य काम में भी उसका मन नहीं लगता, इसलिए बेहतर है कि उसे चाकलेट खाने को नहीं दिया जाए।






**अगर आप अधिक मात्रा में इत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ज्यादा इत्र के लगाने से आप अवसाद के शिकार भी हो सकते हैं।**

# अधिक इत्र से अवसाद

इत्र के अधिक इस्तेमाल से आप जल्द बीमार पड़ सकते हैं। इत्र से न केवल तनाव और अवसाद (डिप्रेशन) की स्थिति उत्पन्न होती है, बल्कि सूंघने की शक्ति में भी कमी आती है।

**करते थे इत्र से स्नान :** इतिहास में इत्र की सबसे बड़ी दीवानी मेरी एन्टोयनेट अपने कभी ना नहाने के कड़वे सच को छुपाने के लिए इत्र लगाकर अपना सारा वातावरण सुगंधमय बना लेती थी। यूरोप में स्नान करना उस समय कोई आसान बात न थी। इसलिए इत्र ही सफाई और सुगंध के लिए एक सुविधाजनक था।

**सूंघने की शक्ति में कमी :** इत्र आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बनते जा रहे हैं, लेकिन मध्यपूर्व के एक विश्वविद्यालय के एक ताजे शोध के अनुसार यह सत्य हाल ही में सामने आया कि एक विशेष रूप के अवसाद से सूंघने की शक्ति में कमी आती है, जिसके कारण लोग ज्यादा या तेज इत्र का प्रयोग करते हैं। जब किसी तेज इत्र की खुशबू आपके नथुनों से टकराए तो आप संदेह कर सकते हैं कि यह व्यक्ति तनाव या अवसाद का शिकार है। यूएई में स्थित स्विस एरेबियन परफ्यूम नामक कंपनी के चेयरमैन हुसैन अदमाली के अनुसार अलग प्रकार की सुगंध से विभिन्न लोगों की मानसिक स्थिति में परिवर्तन होता है। हालांकि यह बात निश्चित रूप से नहीं कही जा सकती कि इत्र का अवसाद से कोई संबंध है या नहीं, पर इत्र की सुगंध मन की भावनाओं पर असर तो जरूर डालती है।

**सुगंध की शक्ति :** यदि आप नाक बंद कर के कोई चीज खाएं तो निश्चित है कि आप उसका पूरा आनंद भी नहीं ले पाएंगे। सुगंध में वह शक्ति है कि वह किसी भी अनुभव को प्रभावित तो करती ही है और बेहतर भी बनाती है। पर इस सबकी वैज्ञानिक व्याख्या के लिए अभी बहुत अध्ययन की आवश्यकता है। अब उपभोक्ताओं को भी बंधी बंधाई परिपाटी से बाहर निकलकर इत्र का चुनाव करते समय जागरूक होने की आवश्यकता है, क्यों कि अलग-अलग व्यक्तियों के शरीर के पर सही इत्र का चुनाव वैयक्तित्व में आत्मविश्वास की वृद्धि करता, जो दूसरों की दृष्टि में उसे अधिक लोकप्रिय बनाता है। अनेक इत्र ऐसे आकर्षक होते हैं कि उनकी सुगंध लोगों को पलटकर देखते पर विवश कर देती है।

**ज्यादा फुहारें नुकसानदायक :** अच्छे से अच्छा इत्र भी दो तीन छोटी फुहारों से अधिक नहीं छिड़कना चाहिए। अगर इसके बाद भी आपको लगता है कि और इत्र होना चाहिए तो किसी विश्वासपात्र व्यक्ति से पूछा जा सकता है कि और इत्र की आवश्यकता है या नहीं।

## पोंटिंग और अय्यर के आत्मविश्वास बढ़ाने से प्रियांश को सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने में मिली मदद



नई दिल्ली ।इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तूफानी गेंद ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में प्रियांश आर्य के ऑफ स्टंप उखाड़ दिए थे लेकिन मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान श्रेयस अय्यर की सलाह की बदौलत 24 वर्षीय खिलाड़ी का आत्मविश्वास डगमगाया नहीं। राजस्थान रॉयल्स के आर्चर की लेंथ गेंद ने लगातार दूसरी बार प्रियांश के ऑफ स्टंप उखाड़ दिए थे। अगर अय्यर और पोंटिंग के साथ प्रियांश ने खुलकर बातचीत नहीं की होती तो इस तरह आउट होने के तरीके ने दिल्ली के इस सलामी बल्लेबाज का आत्मविश्वास कम कर दिया होता। पर अय्यर और पोंटिंग के आत्मविश्वास बढ़ाने का नतीजा चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 39 गेंद में शतक के रूप में सामने आया। इस पारी ने दिल्ली के इस खिलाड़ी को तुरंत स्टार बना दिया। प्रियांश ने कहा, 'रिकी सर ने मुझे यह कहकर आत्मविश्वास बढ़ाया कि कोई भी पहली गेंद पर आउट हो सकता है। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर आपको वही गेंद मिले तो उसे पार्क के बाहर मारो।' प्रियांश ने अगले मैच में पहली गेंद को पार्क के बाहर मारा था, हालांकि सीएसके के तेज गेंदबाज खलील अहमद की गेंद की लाइन एवं लेंथ अलग थी। पिछले साल स्थानीय दिल्ली लीग में छह गेंद में छह छक्के लगाकर सुर्खियों में आने वाले प्रियांश ने कहा, 'रिकी सर हमेशा मुझे अपने पुल शॉट को बेहतर बनाने के लिए कहते रहते हैं। तकनीकी पहलू पर उनके साथ काम नहीं किया है, हम केवल मानसिकता के बारे में बात करते हैं।'

## गुजरात के गेंदबाजों ने रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया: पार्थिव पटेल

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए टीम के गेंदबाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया।

साई सुदर्शन (53 गेंदों में 82 रन) ने शानदार अर्धशतक लगाया, इसके बाद सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करके गुजरात टाइटंस को 58 रन से जीत दिलाई। गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए तो राशिद खान और साई किशोर ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान को 159 रन पर आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाई।

पार्थिव ने मैच के बाद कहा, 'जब आप इस तरह के विकेट पर 50 रन से अधिक के अंतर से जीत हासिल करते हैं तो इसका मतलब होता है कि आपके गेंदबाजों ने रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। मोहम्मद सिराज ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट में शुरू से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। साई किशोर शायद अभी तक टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है। हमारे सभी गेंदबाजों ने गेंदबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया।'

पार्थिव ने कहा, 'यह देखकर अच्छा लग रहा है कि प्रत्येक मैच में कोई गेंदबाज आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। निश्चित तौर पर बल्लेबाजों ने जीत की नींव रखी लेकिन वास्तव में गेंदबाज आपको मैच जिताते हैं। हमारी टीम में किसी को कोई खास भूमिका नहीं सौंपी गई है। एक टीम के रूप में हमारा रवैया बेहद सरल है। हम परिस्थितियों के अनुसार रणनीति तैयार करते हैं।'

## भारतीय महिला हॉकी टीम पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी



नई दिल्ली ।भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।हॉकी इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारत श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा।इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे।सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा जून में शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।नौवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के दौरान अपने आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया था लेकिन इन दोनों टीम के बीच 2013 के बाद खेले गए 16 मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने 10 में जीत हासिल की है। भारत ने तीन जीत दर्ज की हैं, जबकि तीन मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के दौरे के संदर्भ में कहा, 'यह दौरा एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए हमारी तैयारियों को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से हमारे खिलाड़ियों को अपने खेल का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा।'

## दक्षिण अफ्रीका को लगा झटका, डब्लूटीसी फाइनल से पूर्व कप्तान टेम्बा बावुमा हुए चोटिल


**जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कैप्टन टेम्बा बावुमा को कोहनी की चोट लगी है, जिसने उन्हें घरेलू प्रथम श्रेणी के फाइनल में भाग लेने से रोक दिया है, जो गुरुवार को जोहान्सबर्ग में होना है। बावुमा मंगलवार को केप टाउन से लायंस टीम के साथ जुड़ने वाले थे, लेकिन जोहान्सबर्ग पहुंचने में विफल रही। लायंस ने बुधवार को देर से पता लगाया कि बावुमा निगल के कारण मैच नहीं खेल सकते।

बावुमा की नई चोट जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से दो महीने पहले लगी है जो डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया है। बावुमा की चोट को लेकर अभी तक पूरी जानकारी नहीं है। बुधवार की सुबह, लायंस के कप्तान डोमिनिक हेंड्रिक्स ने मार्की गेम में बावुमा के साथ खेलने के बारे में अपनी उत्तेजना व्यक्त की।

यह बावुमा का पहला उदाहरण नहीं है। उन्होंने 2022 में अपनी बाईं कोहनी को चोटिल कर लिया था जिससे उन्हें साइडलाइन पर बैठने और मिस दक्षिण अफ्रीका के इंग्लैंड के दौरे के लिए मजबूर होना पड़ा। पिछले साल उन्होंने अबू धाबी में एक वनडे में आयरलैंड के खिलाफ एकल पूरा करते हुए अजीब तरह से गिरने के बाद एक ही कोहनी को फिर से घायल कर दिया। नतीजतन वह बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के दो परीक्षणों से चूक गए।

चोटों से त्रस्त एक चरण पर काबू पाने के बाद बावुमा ने चार परीक्षणों में दो शतकों और श्रीलंका के खिलाफ चार अर्धशतक के साथ वापसी की। उन्होंने पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका का नेतृत्व किया, लेकिन अपनी कोहनी पर भारी स्ट्रैपिंग के साथ खेला। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की विजय के बाद से बावुमा प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से अनुपस्थित रहे हैं।

पिछले हफ्ते वह ब्लोमफोन्टिन में अपने अंतिम प्रथम श्रेणी के लीग मैच के लिए लायंस के साथ मौजूद थे, लेकिन खेल को बारिश से पूरी तरह से धोया गया था। दक्षिण अफ्रीका में



11 जून से शुरू होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्लूटीसी ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रतिष्ठित लॉर्ड में दिखाई देने से पहले सिर्फ आठ सप्ताह बाकी हैं।

## जूनियर विश्व कप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : साक्षी राणा

नई दिल्ली ।भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है।हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से सफल पदार्पण से भी साक्षी के हौंसले बुलंद हैं।जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा।साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी।साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह पाकर उत्साहित हूं।मैं मैच से पहले दबाव में नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था।मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है।मैने शॉट लगाया और गोल हो गया।साक्षी ने कहा, 'मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी



खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है। मुझे फॉरवर्ड पंक्ति में होने के कारण मैदान पर अपनी रफ्तार अधिक से अधिक बढ़ानी होगी।इसलिए अब मैं इसी पर काम कर रही हूं।साक्षी पिछले साल जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में भी शामिल थी।उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान जूनियर विश्व कप पर है और मैं इसके लिए काफी मेहनत कर रही हूं जिससे देश के पदक जीतने में अपनी ओर से योगदान दे सकूं।

## अमेरिकी वीजा में देरी के कारण भारत को विश्व कप में पदक से हाथ धोना पड़ा, कोच ने लगाया आरोप

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय कोच जीवनजोत सिंह तेजा ने कहा कि देश की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम वीजा में देरी के कारण अमेरिका में सत्र के पहले विश्व कप चरण एक टूर्नामेंट में नहीं खेल सकी जिससे टीम को पदक से हाथ धोना पड़ा। दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने 2024 में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीते थे। इसकी तीन सदस्य विश्व चैंपियन अदिति स्वामी, मधुरा धामनगांवकर और तनिपर्थी चिकिथा को समय पर अमेरिकी वीजा नहीं मिला जिसके कारण वे फ्लोरिडा के ऑरबर्नडेल में प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकीं।

तेजा खुद अमेरिका नहीं जा सके। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से यह पदक से चूकने जैसा था। हमारी महिला टीम स्पर्धा जीतने की शत प्रतिशत संभावना थी। हमने पिछले साल शंघाई, येचियोन और अंताल्या में आयोजित विश्व कप के सभी तीन स्वर्ण पदक जीते थे। लेकिन दुर्भाग्य से वीजा में देरी के कारण हम इस बार अपना खिताब नहीं बचा सके।' 2022 में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता तेजा ने 2021 में तोक्यो में हरविंदर सिंह को भारत का पहला पैरालंपिक तीरंदाजी पदक (कांस्य) दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक में जब हरविंदर ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था, तब भी वह मौजूद थे।


तेजा ने बताया कि भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने तीन महीने पहले वीजा के लिए आवेदन कर दिया था। उन्होंने कहा, 'हमने तीन महीने पहले चयन ट्रायल आयोजित किए थे और टीम की घोषणा करने के तुरंत बाद हमने अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन कर दिया था। हमें 'बैकलॉग' के बारे में पता था।'

अमेरिकी दूतावास और बाद में खेल मंत्रालय के साथ प्रयासों के बावजूद वीजा आठ अप्रैल को जारी किए गए, तब तक कंपाउंड प्रतियोगिता शुरू हो चुकी थी। भारत को इस टूर्नामेंट के लिए 23 सदस्यीय दल भेजना था जिसमें तीरंदाज, कोच और सहायक कर्मचारी शामिल थे। बार-बार देरी के बाद केवल 14 सदस्यों के लिए वीजा की मंजूरी मिली।

एएआई ने इंस्टाग्राम पर एक अपील भी की थी। फिर विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप से वीजा मिल पाया। हालांकि नौ में से दो को वीजा देने से मना कर दिया गया जबकि अन्य सात को प्रतियोगिता शुरू होने के दिन आठ अप्रैल को मंजूरी मिली जिनमें तीन महिला कंपाउंड तीरंदाज शामिल थीं। एएआई के सहायक सचिव गुंजन अबरोल ने बताया, 'प्रतियोगिता शुरू होने के बाद तीन कंपाउंड तीरंदाजों को भेजने का कोई मतलब नहीं



था। हमें उनके टिकट रद्द करने पड़े।' भारत दो रिकर्व तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा और अनीशा कुमारी को भेजने में कामयाब रहा जो एक दिन बाद होने वाली अपनी स्पर्धाओं के लिए समय पर पहुंच गए।



## डांस में शाहिद कपूर को कौन सी अभिनेत्री दे सकती है टफ कंपटीशन बोले- बहुत अच्छी डांसर हैं...

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आगामी एक्शन फिल्म देवा को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। शाहिद अभिनेता होने के साथ ही बेहतरीन डांसर भी हैं, जिसका उदाहरण उनकी कई फिल्मों में देखा जा सकता है। फिल्म देवा के टीजर में शाहिद का डांस हर किसी को पसंद आया। इसी फिल्म के प्रचार के दौरान जब शाहिद से पूछा गया कि वह कौन अभिनेत्री हैं, जो उन्हें डांस में टफ कंपटीशन दे सकती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान जब शाहिद कपूर से पूछा गया कि उनके हिसाब से कौन सी ऐसी अभिनेत्री हैं, जो उन्हें डांस में टफ कंपटीशन दे सकती हैं। जब शाहिद की को-स्टार उनसे कहती कि थोड़ा कम डांस करा कर यार। तो इस पर शाहिद कहते थे कि वह डांस करना नहीं बंद कर सकते। कथित तौर पर शाहिद ने प्रियंका चोपड़ा का नाम लिया और उनकी तारीफ की और उन्हें बहुत अच्छी डांसर बताया। इसके बाद उन्होंने दीपिका पादुकोण, पूजा हेगड़े, कियारा आडवाणी और अमृता राव सहित कई अभिनेत्रियों के नाम बताए, जिनके साथ उन्होंने काम किया है।

### कैटरीना से लेकर पूजा तक की तारीफ की

शाहिद कपूर ने कहा, वैसे तो बहुत सारी अभिनेत्रियां हैं, जो शानदार डांसर हैं। उनमें से कई के साथ मैं पहले भी काम कर चुका हूं। प्रियंका बहुत अच्छी डांसर हैं, दीपिका बहुत अच्छी डांसर हैं। मुझे फिल्म देवा में पूजा हेगड़े के साथ डांस करने में मजा आया। कियारा एक अच्छी डांसर हैं, लेकिन हमने साथ में डांस नहीं किया है। यहां तक कि अमृता भी अच्छी डांसर हैं, जब मैंने उनके साथ काम किया था। मैंने कैटरीना के साथ कभी कोई गाना नहीं किया है लेकिन वह एक शानदार डांसर हैं। शाहिद कपूर और प्रियंका चोपड़ा ने 2009 में फिल्मकमीने और 2012 में फिल्म तेरी मेरी कहानी में साथ काम किया है। वहीं, शाहिद और दीपिका नेपद्मावत में साथ काम किया है। कियारा आडवाणी और शाहिद नेकबीर सिंह में साथ काम किया है, जबकि उन्होंनेविवाह में अमृता राव के साथ काम किया है। अब शाहिद पूजा हेगड़े के साथ फिल्म देवा में नजर आएंगे।

## करीना कपूर के बचाव में आईं ट्विंकल खन्ना, बोलीं-ऐसी बेवकूफी भरी अफवाहें...

सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले पर अब बॉलीवुड सितारे भी खुलकर आए हैं। इस हमले पर अब ट्विंकल खन्ना ने भी बात की है। उन्होंने सैफ पर हुए हमले के बाद करीना कपूर खान पर हुई ट्रोलिंग को लेकर बात की है। ट्विंकल खन्ना ने लिखा, अपने कॉलम में करीना कपूर का बचाव किया है। उन्होंने बताया कि ऐसीबेवकूफी भरी अफवाहें हैं कि घटना के दौरान बेबो घर पर नहीं थीं या अपने पति की मदद करने के लिएबहुत ज्यादा नशे में थीं। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि लोगों को बस पत्नियों पर दोष डालने पर मजा आता है। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के बारे में भी ट्विंकल खन्ना ने बात की है। उन्होंने कहा, जब विराट कोहली आउट होते हैं, तो अनुष्का को हूटिंग का सामना करना पड़ता है। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि ये पैटर्न सिर्फ बॉलीवुड अभिनेत्रियों के लिए नहीं है। उन्होंने बताया कि पतियों के वजन बढ़ने या घटने के लिए पत्नियों को दोषी ठहराया जाता है। उन्होंने बताया कि कैसे लोग अपने साथी के स्वभाव और यहां तक किगंजेपन के लिए भी पत्नी को दोषी ठहराते हैं।





## फिल्म न चलने पर ऑडियंस को दोष नहीं दे सकते

अमित साध इंडस्ट्री में जाना-माना नाम हैं। एक्टर अपने इंटेंस और एक्शन रोल के लिए जाने जाते हैं। अमित आज जिस मुकाम पर हैं, वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने कई जतन किए हैं। बहुत सारी चुनौतियों को झेला है। एक्टर का मानना है कि इंडस्ट्री हो या समाज इंसानियत पहले होनी चाहिए। उनकी कोशिश है कि वो अपने हिस्से की इंसानियत बराबर से निभा पाए।

**अमित आप सुशांत सिंह राजपूत के साथ अच्छा बॉन्ड शेयर करते थे। क्या आउटसाइडर एक्टर को जनता सपोर्ट नहीं करती है?**

मैं इस बारे में बहुत सोचता हूं। जनता ने ऑलरेडी सबको बहुत कुछ दे रखा है। तो हर चीज जनता पर नहीं डाल सकते। अगर आपके घर में आग लगी हो तो आग बुझाने की ड्यूटी सबसे पहले घरवालों की होती है। न कि पड़ोसी की। वैसे ही अगर कोई एक्टर परेशान है, अकेला है तो पहला रोल इंडस्ट्री का होना चाहिए। इंडस्ट्री एक फैमिली है। अगर अपने ही अपने काम नहीं आए तो हम कौन होते हैं ऑडियंस को दोष देने वाले। मुझे लगता है कि हमें एक-दूसरे का ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत है। एक-दूसरे के प्रति इतना गुस्सा, रंजिश या उसे इंसान को रिजेक्ट करना देना नहीं होना चाहिए।

**सुशांत ने या आपने बहुत अच्छी फिल्म बनाई है लेकिन ऑडियंस नहीं देखती। तो क्या जनता दोषी नहीं है?**

ऐसे में मेरा मानना है कि अगर कोई फिल्म नहीं चली तो इसका दोष हम ऑडियंस पर नहीं डाल सकते। ऑडियंस बहुत बड़ा फैक्टर है लेकिन कई बार गणित सही नहीं बैठता है। पिक्चर अच्छी है या गंदी ये तय करने वाले भी हम कोई नहीं होते हैं। मान लीजिए, कोई फिल्म बनी, उसका एक वक्त था, उस फिल्म की किस्मत थी, उसमें वो फील था। दुनिया ने देखी और वो चल गई। अगली नहीं चली तो आगे बढ़ना चाहिए। कुछ और ट्राई करना चाहिए।

**आपको नहीं लगता है कि ऑडियंस स्टार किड्स के बारे में जानने के लिए उत्सुक होती है? पैपराजी भी उन्हें ही फोकस करते हैं?**

बिल्कुल नहीं। कोई ऑडियंस स्टार किड को जानने में उत्सुक नहीं होती। उनकी मार्केटिंग टीम आपको यकीन दिलाती है। जनता बहुत स्मार्ट है। जनता ये तय करती है कि उन्हें कौन सी फिल्म सिनेमा हॉल में देखनी है, कौन सी ओटीटी में और कौन सी पिक्चर नहीं देखनी है। जनता कंज्यूमर है और कंज्यूमर भगवान होता है। ऑडियंस नहीं होती तो इंडस्ट्री नहीं होती। ऑडियंस नहीं होती तो मेरे जैसा इंसान एक्टर नहीं बनता। मैं तो ऑडियंस से शिकायत ही नहीं कर सकता। उन्होंने तो मुझे सड़क से उठाकर यहां बिठा दिया है।

**नेपोटिज्म पर आपकी क्या राय है?**

मुझे तो लगता है कि हम सब नेपोटिज्म हैं। मेरी नजर में नेपोटिज्म कोई चीज आपको अपने मां-बाप से, कुदरत से, अपने आस-पास के माहौल से मिलना है। कुछ चीजों में आप आगे होते हैं। कुछ चीजों में कोई दूसरा बेहतर होता है। अगर मुझे कोई बोले 20 फीट से छलांग लगाने, मैं दो मिनट मैं कर दूंगा। अगर मुझे गन दोगे तो मैं सोल्जर बन जाऊंगा क्योंकि मैं हमेशा एक सोल्जर की तरह ट्रेन्ड हुआ हूं। ये मेरी नेपोटिज्म है। मार्केटिंग ने इस टर्म को गढ़ दिया है। सबको अपने हिस्से की खुशियां और स्ट्रगल मिलती है। चाहे आप सचिन तेंदुलकर के बेटे क्यों ना हो?

**इस समय आपका एम्बिशन क्या है? ड्रीम रोल क्या है?**

मेरे अंदर एम्बिशन नहीं काम को लेकर भूख है। ड्रीम रोल की बात करूं तो मुझे जो भी रोल मिलता है, उसमें अपना समर्पण देता हूं। उसे ही अपना ड्रीम रोल बना देता हूं। हालांकि, मैं फिल्मों में लॉयर की भूमिका निभाना चाहता हूं। मैं सुपरहीरो वाली फिल्म करना चाहता हूं। मैं कॉमेडी फिल्में करना चाहता हूं। ऑडियंस को एंटरटेनमेंट के साथ खुशी और रोमांच देना चाहता हूं।

**फैंस का कोई मैसेज या तारीफ जो आपके दिल के करीब है और आप बताना चाहते हो?**

जवाब- मेरे पास दो ऐसे किस्से हैं। 'काई पो चे' के वक्त मेरी एक फैंस मुझे मैसेज करके लड़ती थी कि आप इंटरव्यू में बोलते क्यों नहीं हैं? मैं भी उससे लड़ता और बताता था कि दूसरे एक्टर मुझे बोलने ही नहीं देते। तो वो कहती कि जब आपसे सवाल करते हैं, तब तो जवाब देना चाहिए। मैंने उससे बोला कि शायद मुझे बात करने नहीं आती, मैं कोशिश करूंगा। फिल्म 'सुल्तान' और 'ब्रीद' के बाद मैं थोड़ा बोलने लगा। इंटरव्यू में अपनी सोच बताने लगा। फिर उसका मैसेज आया कि अब मैं असली शेर को देख रही हूं।

**अमित अपने आने वाली फिल्मों के बारे में बताइए?**

'पुणे हाइवे' करके मेरी एक फिल्म आ रही है। ये राहुल दा कुन्हा की प्ले पर आधारित मर्डर मिस्ट्री है। मेरे लिए ये फिल्म 'काई पो चे' है। इसमें भी तीन दोस्त हैं। इस पूरी फिल्म की वाइब भी 'काई पो छे' वाली ही है। तीन दोस्तों की कहानी है। फिल्म में ड्राई ह्यूमर है। दोस्ती और दुविधा साथ-साथ चलती है। जल्द ही इस फिल्म का प्रमोशन शुरू होगा। मेरी एक और फिल्म आ रही है 'प्रताप'। इसमें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की कहानी है। मैं अपनी दोनों फिल्मों को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक इशाकत अली खान द्वारा वत्स ऑफसेट मुद्दा हाउस सी ब्लाक बारात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा से मुद्रित कराकर, प्लॉट नं0 40, तृतीय तल अट्टा मार्केट सेक्टर 27 नोएडा से प्रकाशित किया। किसी भी वाद विवाद का निस्तारण क्षेत्र न्यायालय गौतमबुद्धनगर होगा। संपादकः—इशाकत अली खान, उप संपादकः— संगीता सिरोही मो0—9411009503, Email :- indianews.savdhan@gmail.com कानूनी सलाहकार :— वरिष्ठ एडवोकेट गजराज सिंह नागर, वरिष्ठ एडवोकेट राजीव चौधरी, एडवोकेट ऐतजाज खान।